For the present-day society what is awfully needed is the virtue of tolerance. This virtue of tolerance i.e. regard for others' ideologies and faiths is maintained in Jainism from the very beginning. Mahavira mentions in the Sutrakrtanga, 'those who praise their own faiths and ideologies and blame that of their opponents and thus distort the truth will remain confined to the cycle of birth and death.' Jaina philosophers all the time maintain that all the view points are true in respect of what they have themselves to say, but they are false in so far as they refute totally other's view-points. Here I would like to quote beautiful verses of Haribhadra (8th century A.D) and Hemchandra (12th century A.D), which are the best examples of religious tolerance. Haribhadra says: "I bear no bias towards Lord Mahavira and no disregard to the Kapila and other saints and thinkers, whatsoever is rational and logical ought to be accepted." Hemchandra says: "I bow all those who have overcome the attachment and hatred, which are the cause of worldly existence, be they Brahma, Vishnu, Siva or Jina."

Jaina saints have tried all the times to maintain the harmony in different religious-faiths and they tried to avoid religious conflicts. That is why Jainism has survived through the ages.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The basic problems of present society are mental tensions, violence and the conflicts of ideologies and faiths. Jainism has tried to solve these problems of mankind through the three basic tenets of non-attachment (Aprigraha), non-violence (Ahimsa) and non-absolutism (Anekanta). If mankind observes these three principals, peace and harmony can certainly be established in the world.

At last I would like to conclude my paper by quoting a beautiful verse of religious tolerence of Acharya Amitagati -

> Sattvesu maitrim gunisa pramodam klistesu Jivesa Krapapartvam
> Madhyasthyabhavam Viparita Vrattan Sada mamatma Vidhadhatudeva.

Oh Lord. I should be friendly to all the creatures of world and feel delight in meeting the virtuous people. I should always be helpful to those who are in miserable conditions and tolerant to my opponents."

Prof. Sagarmal Jain,
Director,
P.V. Research Institute,
Varanasi - 221 005.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

HINDI VERSION

OF

KEYNOTE ADDRESS

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

परमादरणीय स्वामी लोकेश्वरानन्द जी, रामकृष्ण मिशन के अन्य स्वामीगण, श्री गोविन्द लाल जी सरावगी और उनके पारिवारिक जन, सज्जनों और देवियों -

मैं रामकृष्ण मिशन इन्स्टीच्यूट आफ कल्चर और महादेवलाल सरावगी पारमार्थिक न्यास के अधिकारियों का कृतज्ञ हूं, कि उन्होंने मुझे उक्त न्यास के सहयोग से इस संस्थान में प्रारम्भ की गई जैन विद्या शोधकार्य योजना के उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया।

वस्तुतः यह अवसर इसलिये और अधिक महत्त्वपूर्ण है कि रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान जैसी सुनियोजित रूप से कार्य करने वाली संस्था जैन विद्या सम्बन्धी शोध योजना को अपने हाथों में ले रही है। सम्भव है कि एक अजैन संस्थान द्वारा जैनविद्या का कार्य करना कुछ लोगों को आश्चर्यजनक लगे, किन्तु मेरी दृष्टि में इस संस्थान के द्वारा इस योजना का संचालन, इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण है, कि इससे भारतीय संस्कृति का एक समन्वित स्वरूप हमारे सामने आ सकेगा। मेरा मानना है कि प्राकृत और जैनविद्या के क्षेत्र में किये जाने वाले शोध-कार्य भारतीय संस्कृति को सम्यकृतया और सम्पूर्ण रूप से समझने के लिये अतिआवश्यक है। भारतीय संस्कृति एक संश्लिष्ट संस्कृति है। उसे हम विभिन्न चहारदीवारियों में अवरुद्ध कर कभी भी सम्यक् प्रकार से नहीं समझ सकते है, उसको खण्ड-खण्ड में विभाजित करके देखने में उसकी आत्मा ही मर जाती है। जैसे शरीर को खण्ड-खण्ड कर देखने से शरीर की क्रिया-शक्ति (उसकी मूल आत्मा को) नहीं समझा जा सकता है, वैसे ही भारतीय संस्कृति को खण्ड-खण्ड करके नहीं समझा जा सकता है। भारतीय संस्कृति को हम तभी सम्पूर्ण रूप से समझ सकते हैं, जब उसके विभिन्न घटकों अर्थात जैन, बौद्ध और हिन्दू धर्म-दर्शन का समन्वित एवं सम्यक् अध्ययन न कर लिया जाय। बिना उसके संयोजित घटकों के ज्ञान के उसका सम्पूर्णता में ज्ञान सम्भव ही नहीं है। एक इंजन की प्रक्रिया को भी सम्यक् प्रकार से समझने के लिए न केवल उसके विभिन्न घटकों अर्थात् कल-पुर्जों का ज्ञान आवश्यक होता है, अपितु उनके परस्पर संयोजित रूप को भी देखना होता है। अतः हमें स्पष्ट रूप से इस तथ्य को समझ लेना चाहिए कि भारतीय संस्कृति के अध्ययन एवं शोध के क्षेत्र में अन्य सहवर्ती परम्पराओं और उनके पारस्परिक सम्बन्धों के अध्ययन के बिना कोई भी शोध परिपूर्ण नहीं हो सकती है। धर्म और संस्कृति शून्य में विकसित नहीं होते वे अपने देशकाल और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सहवर्ती परम्पराओं से प्रभावित होकर ही अपना स्वरूप ग्रहण करते हैं। यदि हमें जैन, बौद्ध, वैदिक या अन्य किसी भी भारतीय सांस्कृतिक धारा का अध्ययन करना है, उसे सम्यक प्रकार से समझना है, तो उसके देश, काल एवं परिवेशगत पक्षों को भी प्रामाणिकता पूर्वक तटस्थ बुद्धि से समझना होगा। चाहे जैन विद्या के शोध एवं अध्ययन का प्रश्न हो या अन्य किसी भारतीय विद्या का, हमें उसकी दूसरी सहवर्ती परम्पराओं को अवश्य ही जानना होगा और यह देखना होगा कि वह उन दूसरी सहवर्ती परम्पराओं से किस प्रकार प्रभावित हुयी है और उसने उन्हें किस प्रकार प्रभावित किया है। पारस्परिक प्रभावकता के अध्ययन के बिना कोई भी अध्ययन पूर्ण नहीं होता है।

यह सत्य है कि भारतीय संस्कृति के इतिहास के आदिकाल से ही हम उसमें श्रमण और वैदिक संस्कृति का अस्तित्व साथ-साथ पाते हैं; किन्तु हमें यह भी स्मरण रखना होगा कि भारतीय संस्कृति में इन दोनों स्वतंत्र धाराओं का संगम हो गया है और अब इन्हें एक दूसरे से पूर्णतया अलग नहीं किया जा सकता। ~~क्योंकि~~ भारतीय इतिहास के प्रारंभिक काल से ही ये दोनो धारायें परस्पर एक दूसरे से प्रभावित होती रही हैं। अपनी-अपनी विशेषताओं के आधार पर विचार के क्षेत्र में हम चाहे उन्हें अलग-अलग देख लें, किन्तु व्यावहारिक स्तर पर उन्हें एक दूसरे से पृथक् नहीं कर सकते। भारतीय वाङ्मय में ऋग्वेद प्राचीनतम माना जाता है। उसमें जहां एक ओर वैदिक समाज एवं वैदिक क्रिया-काण्डो का उल्लेख है, वहीं दूसरी ओर उसमें न केवल व्रात्यों, श्रमणों एवं अर्हतों की उपस्थिति के उल्लेख भी उपलब्ध हैं, अपितु ऋषभ, अरिष्टनेमि आदि, जो जैन परम्परा में तीर्थंकर के रूप में मान्य हैं, के प्रति सादर भाव भी व्यक्त किया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि ऐतिहासिक युग के प्रारम्भ से ही भारत में ये दोनों संस्कृतियाँ साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं।

मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन से जिस प्राचीन भारतीय संस्कृति की जानकारी हमें उपलब्ध होती है; उससे सिद्ध होता है, कि वैदिक संस्कृति के पूर्व भी भारत में एक उच्च संस्कृति अस्तित्व रखती थी। जिसमें ध्यान, साधना आदि पर बल दिया जाता था। उस उत्खनन में ध्यानस्थ योगियों की सीले आदि मिलना तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यज्ञशाला आदि का न मिलना यही सिद्ध करता है कि वह संस्कृति तप, योग एवं ध्यान प्रधान व्रात्य संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती थी। किन्तु इतना निश्चित है कि आर्यों के आगमन के साथ प्रारंभ हुए वैदिक युग से दोनों ही धाराएं साथ-साथ प्रवाहित हो रही हैं और उन्होंने एक दूसरे को पर्याप्त रूप से प्रभावित भी किया है। ऋग्वेद में व्रात्यों के प्रति जो तिरस्कार भाव था, वह अथर्ववेद में सम्मादर भाव में बदल जाता है, जो दोनों धाराओं के समन्वय का प्रतीक है। तप, त्याग, संन्यास, ध्यान, समाधि, मुक्ति और अहिंसा की अवधारणायें, जो प्रारम्भिक वैदिक ऋचाओं और कर्मकाण्डीय ब्राह्मण ग्रन्थों में अनुपलब्ध थी, वे आरण्यक आदि परवर्ती वैदिक साहित्य में और विशेष रूप से उपनिषदों में अस्तित्व में आ गयी है। इससे लगता है कि ये अवधारणाएं संन्यास-मार्गीय श्रमणधारा के प्रभाव से ही वैदिक धारा में प्रविष्ट हुयी हैं। उपनिषदों, महाभारत और गीता में एक ओर वैदिक कर्मकाण्ड की समालोचना और उन्हें आध्यात्मिकता से समन्वित कर नये रूप में परिभाषित करने का प्रयत्न तथा दूसरी ओर तप संन्यास और मुक्ति आदि की स्पष्ट रूप स्वीकृति, यही सिद्ध करती है कि ये ग्रन्थ श्रमण और वैदिक धारा के बीच हुए समन्वय या संगम के ही परिचायक हैं। हमें यह स्मरण रखना होगा कि उपनिषद् और महाभारत,-जिसका एक अंग गीता है,- शुद्ध रूप से वैदिक कर्मकाण्डात्मक धर्म के प्रतिनिधि नहीं है। वे निवृत्ति प्रधान श्रमण-धारा और प्रवृत्तिमार्गी वैदिक धारा के समन्वय का परिणाम है। उपनिषदों में और महाभारत, गीता आदि में जहा एक ओर श्रमणधारा के आध्यात्मिक और निवृत्ति प्रधान तत्वों को स्थान दिया गया, वहीं दूसरी ओर यज्ञ आदि वैदिक कर्मकाण्डों की श्रमण परम्परा के समान आध्यात्मिक दृष्टि से नवीन परिभाषाएं भी प्रस्तुत की गई, उनमें यज्ञ का अर्थ पशुबलि न होकर स्वहितों की बलि या समाजसेवा हो गया। हमें यह स्मरण रखना होगा कि हमारा हिन्दू धर्म वैदिक और श्रमण धाराओं के समन्वय का परिणाम है। वैदिक कर्मकाण्ड के विरोध में, जो आवाज औपनिषदिक युग के ऋषि मुनियों ने उठाई थी, जैन, बौद्ध और अन्य श्रमण परम्पराओं में मात्र उसे मुखर ही किया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि वैदिक कर्मकाण्ड के प्रति यदि किसी ने पहली आवाज उठाई तो वे औपनिषदिक ऋषि ही थे। उन्होंने ही सबसे पहले कहा था कि ये यज्ञरूपी नौकाये अदृढ़ हैं, ये आत्मा के विकास में सक्षम नहीं है। सर्वप्रथम-वैदिक कर्मकाण्ड के विरुद्ध औपनिषदिक ऋषियों ने ही अपना स्वर मुखर किया था। यज्ञ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि कर्मकाण्डों की नयी आध्यात्मिक व्याख्यायें देने और उन्हें श्रमणधारा की आध्यात्मिक दृष्टि के अनुरूप बनाने का कार्य औपनिषदिक ऋषियों और गीता के प्रवक्ता का है। जैन और बौद्ध परम्परायें तो औपनिषदिक ऋषियों के द्वारा प्रशस्त किये गये पथ पर गतिशील हुयी हैं। वे वैदिक कर्मकाण्ड, जन्मना जातिवाद और मिथ्या विश्वास के विरोध में उठे हुए औपनिषदिक ऋषियों के स्वर का ही मुखरित रूप है। जैन और बौद्ध परम्पराओंमें औपनिषदिक ऋषियों की अर्हत ऋषि के रूप में स्वीकृति इसका स्पष्ट प्रमाण है।

यह सत्य है कि श्रमणों ने यज्ञों में पशुबलि, जन्मना वर्णव्यवस्था और वेदों की प्रामाण्यता से इन्कार किया और इस प्रकार वे भारतीय संस्कृति के समुद्धारक के रूप में ही सामने आये; किन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि भारतीय संस्कृति की इस विकृति का परिमार्जन करने की प्रक्रिया में वे स्वयं ही कहीं न कहीं उन विकृतियों से प्रभावित हो गये। वैदिक कर्मकाण्ड अब तन्त्रसाधना के नये रूप में बौद्ध, जैन और अन्य श्रमण परम्पराओं में प्रविष्ट हो गया और उनकी साधना पद्धति का एक अंग बन गया। आध्यात्मिक विशुद्धि के लिये किया जाने वाला ध्यान अब भौतिक सिद्धियों के निमित्त किया जाने लगा। जहां एक ओर भारतीय श्रमण परम्परा ने वैदिक परम्परा को आध्यात्मिक जीवन दृष्टि के साथ-साथ तप, त्याग, संन्यास, और मोक्ष की अवधारणायें प्रदान की वहीं दूसरी ओर वैदिक परम्परा के प्रभाव से तान्त्रिक साधनायें जैन और बौद्ध परम्पराओं में भी प्रविष्ट हो गयी। अनेक हिन्दू देव-देवियां प्रकारान्तर से जैनधर्म एवं बौद्धधर्म में स्वीकार कर ली गईं। जैनधर्म में यक्ष-यक्षियों एवं शासनदेवता की अवधारणाएं हिन्दू देवताओं का जैनीकरण मात्र हैं। अनेक हिन्दू देवियां जैसे - काली, महाकाली, ज्वालामालिनी, अम्बिका, चक्रेश्वरी, पद्मावती, सिद्धायिका तीर्थंकरों की शासन रक्षक देवियों के रूप में जैनधर्म में स्वीकार कर ली गयी। श्रुत-देवता के रूप में सरस्वती और सम्पत्ति-प्रदाता के रूप में लक्ष्मी की उपासना जैन जीवन पद्धति का अंग बन गई। हिन्दू परम्परा का गणेश पार्श्व-यक्ष के रूप में लोकमंगल का देवता बन गया। वैदिक परम्परा के प्रभाव से जैन मन्दिरों में भी अब यज्ञ होने लगे और पूजा में हिन्दू देवताओं की तरह तीर्थंकरों का भी आवाहन एवं विसर्जन किया जाने लगा। हिन्दुओं की पूजाविधि को भी मन्त्रों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में कुछ शाब्दिक परिवर्तनों के साथ जैनों ने स्वीकार कर लिया। इस प्रकार जैन और बौद्ध परम्पराओं में तप, ध्यान और समाधि की साधना गौण होकर कर्मकाण्ड प्रमुख हो गया। इस पारस्परिक प्रभाव का एक परिणाम यह भी हुआ कि जहां हिन्दू परम्पराओं में ऋषभ और ~~x~~ बुद्ध को ईश्वर के अवतार के रूप में स्वीकार कर लिया गया, वहीं जैन परम्परा में राम और कृष्ण को शलाका पुरुष के रूप में मान्यता मिली। इस प्रकार दोनों धारायें एक दूसरे से समन्वित हुयी।

आज जब रामकृष्ण संस्कृति संस्थान जैन विद्या के शोध-कार्य को अपने हाथों में ले रहा है तो मैं कहना चाहूंगा कि उसे इस पारस्परिक प्रभावशीलता को तटस्थ दृष्टि से स्पष्ट करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि धर्मों के बीच जो दूरियां पैदा कर दी गयी हैं, उन्हें समाप्त किया जा सके और उनकी निकटता को सम्यक् रूप से समझा जा सके। यह कार्य वैसे भी इस संस्था का विशेष दायित्व बनता है, क्योंकि इसकी स्थापना स्वामी रामकृष्ण के आदर्शों को साकार करने के लिए हुयी है। स्वामी रामकृष्ण जीवन भर सिद्धान्त और व्यवहार (दोनों) में धर्मों के बीच उत्पन्न दूरियों को मिटाने का कार्य करते रहे। यदि हम स्वामी रामकृष्ण और विवेकानन्द के स्वप्न को साकार करना चाहते हैं तो हमें तटस्थ बुद्धि से धर्मों की इस पारस्परिक प्रभावशीलता एवं निकटता को समझना होगा।

दुर्भाग्य से इस देश में विदेशी तत्वों के द्वारा न केवल हिन्दू और मुसलमानों के बीच अपितु जैन, बौद्ध, हिन्दू और सिक्खों - जो कि बृहद् हिन्दू परम्परा के ही अंग है, के बीच भी खाईयां खोदने का कार्य किया जाता रहा है और सामान्य रूप से यह प्रसारित किया जाता रहा है कि जैन और बौद्ध धर्म न केवल स्वतन्त्र धर्म हैं, अपितु वे वैदिक हिन्दू परम्परा के विरोधी भी हैं। सामान्यतया जैन और बौद्ध धर्म को वैदिक धर्म के प्रति एक विद्रोह (Revolt) के रूप में चित्रित किया जाता रहा है। यह सत्य है कि वैदिक और श्रमण परम्पराओं में कुछ मूलभूत प्रश्नों को लेकर मतभेद है, यह भी सत्य है कि जैन और बौद्ध परम्परा में ने वैदिक परम्परा की उन विकृतियों को जो कर्मकाण्ड, पुरोहितवाद, जातिवाद और ब्राह्मण वर्ग के द्वारा निम्न वर्गों के धार्मिक शोषण के रूप में उभर रही थी, खुलकर विरोध किया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

था, किन्तु हमें उसे विद्रोह केरूप में नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति के परिस्कार के रूप में ही समझना होगा। जैन और बौद्ध धर्मों ने भारतीय संस्कृति में आ रही विकृतियों का परिशोधन कर उसे स्वस्थ बनाने हेतु एक चिकित्सक का कार्य किया और चिकित्सक कभी भी शत्रु नहीं, मित्र ही होता है। दुर्भाग्य से पाश्चात्य चिंतकों के प्रभाव से भारतीय चिन्तक और किसी सीमा तक कुछ जैन एवं बौद्ध चिन्तक भी यह मानने लगे हैं कि जैन धर्म और वैदिक (हिन्दू) धर्म परस्पर विरोधी धर्म है किन्तु यह एक भ्रांत अवधारणा है चाहे अपने मूल रूप में वैदिक एवं श्रमण संस्कृति-प्रवर्तक और निवर्तक धर्म परम्पराओं के रूप में भिन्न-भिन्न रही हो किन्तु आज न तो हिन्दू परम्परा ही उस अर्थ में पूर्णतः वैदिक है और न ही जैन व बौद्ध परम्परा पूर्णतः श्रमण। आज चाहे हिन्दू धर्म हो, अथवा जैन और बौद्ध धर्म हों, ये सभी अपने वर्तमान स्वरूप में वैदिक और श्रमण संस्कृति के समन्वित रूप हैं। यह बात अलग है कि उनमें प्रवृत्ति और निवृत्ति में से कोई एक पक्ष अभी भी प्रमुख हो, उदाहरण के रूप में हम कह सकते हैं कि जहां जैन धर्म आज भी निवृत्ति प्रधान है वहां हिन्दू धर्म प्रवृत्ति प्रधान। फिर भी यह मानना उचित नहीं है कि जैन धर्म में प्रवृत्ति के एवं हिन्दू धर्म में निवृत्ति के तत्व नहीं है। वस्तुतः सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति प्रवृत्ति और निवृत्ति के समन्वय में ही निर्मित हुई है। इस समन्वय का प्रथम प्रयत्न हमें ईशावास्योपनिषद् में स्पष्टरूप से दृष्टिगोचर होता है। आज जहां उपनिषदों को प्राचीन श्रमण परम्परा के परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है, वहीं जैन और बौद्ध परम्परा को भी औपनिषदिक परम्परा के परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। जिस प्रकार वासना और विवेक, श्रेय और प्रेय, परस्पर भिन्न-भिन्न होकर भी मानव व्यक्तित्व के ही अंग हैं उसी प्रकार निवृत्ति प्रधान श्रमणधारा और प्रवृत्ति प्रधान वैदिक धारा दोनों भारतीय संस्कृति के ही अंग हैं। वस्तुतः कोई भी संस्कृति एकान्त निवृत्ति या एकान्त प्रवृत्ति के आधार पर प्रतिष्ठित नहीं हो सकती है। जैन और बौद्ध परम्परायें भारतीय संस्कृति का वैसे ही अभिन्न अंग है, जैसे हिन्दू परम्परा। यदि औपनिषदिक धारा को वैदिक धारा से भिन्न होते हुए भी वैदिक या हिन्दू परंपरा का अभिन्न अंग माना जाता है, तो फिर जैन और बौद्ध परम्पराओं को उसका अभिन्न

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंग क्यों नहीं माना जा सकता। यदि सांख्य और मीमांसक अनीश्वरवादी होते हुए भी आस्तिक हिन्दू धर्म दर्शन के अंग माने जाते हैं, तो फिर जैन व बौद्ध धर्म को अनीश्वरवादी कहकर उससे कैसे भिन्न किया जा सकता है। हिन्दू धर्म और दर्शन एक व्यापक परम्परा है या कहें कि वह विभिन्न विचार परम्पराओं का समूह है। उसमें ईश्वरवाद, अनीश्वरवाद, द्वैतवाद-अद्वैतवाद, प्रवृत्ति निवृत्ति, ज्ञान-कर्म, सभी कुछ तो समाहित है। उसमें प्रकृति पूजा जैसे धर्म के प्रारम्भिक लक्षणों से लेकर अद्वैत की उच्च गहराइयां तक सभी कुछ सन्निविष्ट हैं।

अतः जैन और बौद्ध धर्म को हिन्दू परम्परा से भिन्न नहीं माना जा सकता। जैन व बौद्ध भी उसी अध्यात्म-पथ के अनुयायी है, जिसका प्रवर्तन औपनिषदिक ऋषियों ने किया था। उनकी विशेषता यह है कि उन्होंने भारतीय समाज के दलित वर्ग के उत्थान तथा जन्मनाजातिवाद, कर्मकाण्ड व पुरोहितवाद से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने उस धर्म का प्रतिपादन किया जो जनसामान्य का धर्म था और जिसे कर्मकांडों की अपेक्षा नैतिक सद्गुणों पर अधिष्ठित किया गया था। चाहे उन्होंने भारतीय समाज को पुरोहित वर्ग के धार्मिक शोषण से मुक्त किया हो, फिर भी विदेशी नहीं है, इसी माटी की संतान है, वे शत-प्रतिशत भारतीय हैं। उनकी भूमिका एक शल्य चिकित्सक की भूमिका है जो मित्र की भूमिका है, शत्रु की नहीं। जैन और बौद्ध धर्म औपनिषदिक धारा का ही एक विकास है और आज उन्हें उसी परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है।

भारतीय धर्मों, विशेष रूप से औपनिषदिक, बौद्ध और जैन धर्मों की जिस पारस्परिक प्रभावशीलता के अध्ययन की आज विशेष आवश्यकता है, उसे समझने में प्राचीन स्तर के जैन आगम यथा - आचारांग, सूत्रकृतांग, भाषिमाषित और उत्तराध्ययन आदि हमारे दिशा निर्देशक सिद्ध हो सकते हैं। मुझे विश्वास है कि इन ग्रन्थों के अध्ययन से भारतीय विद्या के अध्येताओं को एक नई दिशा मिलेगी और यह मिथ्या विश्वास दूर हो जायेगा कि जैन धर्म, बौद्ध धर्म और हिन्दू धर्म परस्पर विरोधी धर्म हैं। आचारांग में हमें ऐसे अनेक सूत्र उपलब्ध होते हैं जो अपने भाव, शब्दयोजना और भाषाशैली की दृष्टि से औपनिषदिक सूत्रों के निकट है। आचारांग में आत्मा के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वरूप के संदर्भ में जो विवरण प्रस्तुत किया गया है वह माण्डूक्योपनिषद् से यथावत् मिलता है। आचारांग में श्रमण और ब्राह्मण का उल्लेख परस्पर प्रतिस्पर्धियों के रूप में नहीं, अपितु सहगामियों के रूप में ही मिलता है। चाहे आचारांग उत्तराध्ययन आदि जैनागम हिंसक यज्ञीय कर्मकाण्ड का निषेध करते है, किन्तु वे ब्राह्मणों को भी उसी नैतिक एवं आध्यात्मिक पथ का अनुगामी मानते है जिस पथ पर श्रमण चल रहे थे। उनकी दृष्टि में ब्राह्मण वह है जो सदाचार का जीवन्त प्रतीक है। अनेक स्थलों पर श्रमणों और ब्राह्मणों (समणा-माहणा) का साथ-साथ उल्लेख हुआ है।

इसी प्रकार सूत्रकृतांग में यद्यपि तत्कालीन दार्शनिक मान्यताओं की समीक्षा है किन्तु उसके साथ ही उसमें औपनिषदिक युग के अनेक ऋषियों यथा - विदेहनमि बाहुक, असितदेवल, द्वैपायन, पाराशर आदि का समादर पूर्वक उल्लेख हुआ है। सूत्रकृतांग स्पष्ट रूप से यह स्वीकार करता है कि यद्यपि इन ऋषियों के आचार नियम उसकी आचार परम्परा से भिन्न थे, फिर भी वह उन्हें अपनी अर्हत् परम्परा का ही पूज्य पुरुष मानता है। वह उन्हें महापुरुष और तपोधना के रूप में उल्लेखित करता है और यह मानता है कि उन्होंने सिद्धि अर्थात जीवन के चरम साध्य मोक्ष को प्राप्त कर लिया था। सूत्रकृतांगकार की दृष्टि में ये ऋषिगण भिन्न आचारमार्ग का पालन करते हुये भी उसकी अपनी ही परम्परा के मान्य ऋषि थे। सूत्रकृतांग में इन ऋषियों को सिद्धि प्राप्त कहना तथा उत्तराध्ययन में अन्य लिंग सिद्धों का अस्तित्व मानना यही सूचित करता है कि प्राचीन काल में जैन परम्परा अत्यन्त उदार थी और यह मानती थी कि मुक्ति का अधिकार केवल उसके आचार नियमों का पालन करने वाले को ही नहीं है, अपितु भिन्न आचार मार्ग का पालन करने वाला भी मुक्ति का अधिकारी हो सकता है।

इसी संदर्भ में यहां ऋषिभाषित (इसिभासियाइं) का उल्लेख करना भी आवश्यक है, जो जैन आगम साहित्य का प्राचीनतम ग्रन्थ (ई. पू. चौथी शती) है। जैन परम्परा में इस ग्रन्थ का निर्माण उस समय हुआ होगा जब जैन धर्म एक सम्प्रदाय के रूप में विकसित नहीं हुआ था। इस ग्रन्थ में नारद, असितदेवल, अंगिरस पाराशर, अरुण नारायण, याज्ञवल्क्य, उद्दालक, विदुर, सारिपुत्त,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाकश्यप, मंखलिगोसाल, संजय (वेलट्ठिपुत्त) आदि पैंतालिस ऋषियों का उल्लेख है और इन सभी को आर्हत ऋषि, बुद्ध ऋषि एवं ब्राह्मण ऋषि कहा गया है। ऋषिभाषित में इनके आध्यात्मिक और नैतिक उपदेशों का संकलन है। जैन परम्परा में इस ग्रन्थ की रचना इस तथ्य को स्पष्ट संकेत है कि औपनिषदिक ऋषियों की परम्परा और जैन परम्परा का उद्गम श्रोत एक ही है। यह ग्रन्थ न केवल जैन धर्म की धार्मिक उदारता का सूचक है, अपितु यह भी बताता है कि सभी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं का मूल स्रोत एक ही है। औपनिषदिक, बौद्ध, जैन, आजीवक, सांख्य, योग आदि सभी उसी मूल स्रोत से निकली हुई धारायें हैं। जिस प्रकार जैन धर्म में ऋषिभाषित में विभिन्न परम्पराओं के उपदेश संकलित हैं, उसी प्रकार बौद्ध परम्परा की थेरगाथा में भी विभिन्न परम्पराओं के जिन स्थविरों के उपदेश संकलित हैं, उनमे भी अनेक औपनिषदिक एवं अन्य श्रमणपरम्परा के आचार्यों के उल्लेख हैं। जिनमें एक वर्धमान (महावीर) भी हैं। यह सब इस तथ्य का सूचक है कि भारतीय परम्परा प्राचीनकाल से ही उदार और सहिष्णु रही है और उसकी प्रत्येक धारा में यही उदारता और सहिष्णुता प्रवाहित होती रही है। आज जब हम साम्प्रदायिक अभिनिवेशों से जकड़ कर परस्पर संघर्षों में उलझ गये हैं इन ग्रन्थों का अध्ययन हमें एक नयी दृष्टि प्रदान कर सकता है। यदि भारतीय सांस्कृतिक चिंतन की इन धाराओं को एक दूसरे से अलग कर देखने का प्रयत्न किया जायेगा। तो हम उन्हें सम्यक रूप से समझने में सफल नहीं हो सकेंगे। उत्तराध्ययन, सूत्रकृतांग, ऋषिभाषित और आचारांग को समझने के लिए औपनिषदिक साहित्य का अध्ययन आवश्यक है। इसी प्रकार उपनिषदों और बौद्ध साहित्य को भी जैन परम्परा के अध्ययन के अभाव में सम्यक् प्रकार से नहीं समझा जा सकता है। आज साम्प्रदायिक अभिनिवेशों से ऊपर उठकर तटस्थ एवं तुलनात्मक रूप से सत्य की अन्वेषणा ही एक ऐसा विकल्प है जो साम्प्रदायिक अभिनिवेश से ग्रस्त मानव को मुक्ति दिला सकती है। पुनः भारतीय आध्यात्मिक परम्परा और विशेष रूप से जैन परम्परा ने जिन जीवन मूल्यों को प्रस्तुत किया है उनकी वर्तमान युग में क्या प्रासंगिकता है, इसके अध्ययन से ही यह बात भी स्पष्ट हो जायेगी कि आज जैन विद्या के क्षेत्र में अध्ययन एवं शोध की क्यों आवश्यकता है।

आज हम जिस युग में जी रहे हैं वह विज्ञान और तकनीकि का युग है। आज वैज्ञानिक ज्ञान के परिणामस्वरूप जहां एक ओर हमारे परम्परागत धार्मिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्या विश्वास समाप्त हुए हैं, वहीं दूसरी ओर धर्माधिष्ठित आध्यात्मिक और नैतिक मानवीय मूल्यों के प्रति हमारी आस्था भी डगमगा गयी है। आज हम जितना अणु के बारे में जानते हैं, उतना मानवीय जीवन के आदर्शों और मूल्यों के संदर्भ में नहीं जानते। हम "पर" (other) के सम्बन्ध में जितने सजग है, "स्व"(self) के सम्बन्ध में उतने ही प्रसुप्त। उन जीवन मूल्यों, जो कि सार्थक और शांति पूर्ण जीवन के लिए आवश्यक हैं, के प्रति आज हमारी कोई निष्ठा ही नहीं रह गयी है। आज द्रुतगति से जो तकनीकी विकास हुआ है उसके परिणामस्वरूप भौतिक दूरियां समाप्त हो रही हैं और विभिन्न राष्ट्रों, संस्कृतियों, और धर्मों के लोग एक दूसरे के निकट आ रहे हैं, किन्तु दुर्भाग्य से आज हमारे हृदय एक दूसरे से दूर हो रहे है दूसरे शब्दों में कहें तो भौतिक दूरियां कम हो रही हैं किन्तु हृदय की दूरियां बढ़ रही हैं। परिणाम स्वरूप जहां सहयोग और सहअस्तित्व के मूल्यों का विकास होना था और परस्पर प्रेम और समर्पण के पाठ पढ़ाये जाने थे, हम मनुष्य मनुष्य के बीच घृणा और विद्वेष के बीज वपन कर रहे हैं। रविन्द्रनाथ टैगोर ने ठीक ही कहा था) मनुष्य का एक दूसरे के निकट आना और फिर भी मानवीय मूल्यों की उपेक्षा करना निश्चित ही आत्महत्या की प्रक्रिया की दिशा में अग्रसर होना है। हमारा दुर्भाग्य है कि आज हमारे ज्ञान का विकास हमारे पाशविक स्वार्थपूर्ण स्वभाव पर कोई नियंत्रण नहीं रख पाया है। पाशविक वृत्ति आज भी हमारे वैयक्तिक और सामाजिक जीवन को नियंत्रित कर रही है, आज हमारा जीवन मानसिक आवेगों और तनावों से भर गया है। आज चाहे बाहर से हम अहिंसा, शांति और सौहार्द की बात करें, किन्तु हमारी आस्था जिसकी लाठी उसकी भैंस के सिद्धान्त पर है। हठवादिता और स्वार्थ आज भी हमारे जीवन के अंग बने हुए हैं। आज अस्त्रशस्त्रों की दौड़ में हम मानवता की अन्त्येष्ठि यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। बर्टेन्ड रसेल ने ठीक ही कहा है कि "मैं एक मानव होने के नाते मानवों से यह प्रार्थना करता हूं कि वे केवल अपनी मानवता को याद रखें बाकी सब भूल जायें। यदि वे ऐसा करते हैं तो स्वर्ग का द्वार उद्घाटित होगा और यदि ऐसा करने में असफल होते हैं तो सार्वभौमिक मृत्यु के अतिरिक्त और कुछ शेष नहीं रहेगा। हमें इस तथ्य के प्रति सजग रहना चाहिये कि वैज्ञानिक, तकनीकी और वाणिज्य की यह प्रगति तब अपना अर्थ छोड़ देगी, जब मनुष्य एक दूसरे के प्रति अविश्वास और मानवीय मूल्यों की उपेक्षा करेगा। उर्दू शायर इकबाल ने सत्य ही कहा है –

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुम्हारी तहजीब अपने हाथों से खुदकशी करेगी ।
जो शाखे नाजुक पे आशियाना बनेगा न पायेदार होगा ।।

यदि आज हम मानवता की रक्षा करना चाहते हैं तो हमें अहिंसा और पारस्परिक सहयोग के सिद्धान्तों में पूर्ण आस्था प्रकट करनी पड़ेगी । यह मानव जाति का दुर्भाग्य है कि एक ओर हम समृद्धि और शांति की आकांक्षा रखते हैं किन्तु दूसरी ओर दूसरों के प्रति हम विश्वास " और संदेह में जी रहे हैं । सभी एक दूसरे से भयभीत हैं । भय जनित हिंसा और संघर्ष के माध्यम से न तो शांति आ सकती है और न ही समृद्धि । हिंसा और युद्ध के माध्यम से जो शांति प्राप्त की जायेगी वह मरघट की शांति के आलावा कुछ नहीं होगी । पारस्परिक भय और शस्त्रों की दौड का कहीं अन्त नहीं है इसलिए महावीर ने आचारांग में कहा था कि शस्त्र तो एक से बढकर एक हो सकते हैं परन्तु अशस्त्र (अहिंसा से बढ़कर अन्य कुछ नहीं हो सकता " अत्थि सत्थं परेणपरं नत्थि असत्थे परेण परं ।" विश्व में यदि हमें शांति की स्थापना करनी है और समृद्धि का द्वार उद्घाटित करना है तो हमें पारस्परिक विश्वास, अहिंसा, सहयोग सहअस्तित्व और स्वहितों के बलिदान के सिद्धान्तों को अपनाना होगा । हमें जिस शांति की अपेक्षा है, वह त्याग के मूल्य पर ही आ सकती है , अन्य कोई विकल्प नहीं है । भय के तले हिंसा ही पनपेगी, संघर्ष ही जन्म लेंगे जबकि अभय से अहिंसा प्रतिफलित होगी ।

आधुनिक मानस अशांत, विक्षुब्ध एवं तनावपूर्ण स्थिति में है । बौद्धिक विकास से प्राप्त विशाल ज्ञान राशि और वैज्ञानिक तकनीक से प्राप्त भौतिक सुख-सुविधा एवं आर्थिक समृद्धि मनुष्य की आध्यात्मिक, मानसिक, एवं सामाजिक विपन्नता को दूर नहीं कर पायी है । ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा देने वाले सहस्राधिक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के होते हुए भी आज का शिक्षित मानव अपनी स्वार्थपरता और भोग-लोलुपता पर विवेक एवं संयम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का अंकुश नहीं लगा पाया है । भौतिक सुख-सुविधाओं का यह अम्बार आज भी उसके मानस को सन्तुष्ट नहीं कर सका है । सुरक्षा के साधनों की यह बहुलता आज भी उसके मन में अभय का विकास नहीं कर पायी है, आज भी वह उतना ही आशंकित , आतंकित और आक्रामक है, जितना आदिम युग में रहा होगा । मात्र इतना ही नहीं, आज विध्वंसकारी शस्त्रों के निर्माण के साथ-उसकी यह आक्रामक वृत्ति अधिक विनाशकारी बन गई है । आर्थिक सम्पन्नता की इस अवस्था में भी मनुष्य उतना ही अधिक अर्थ-लोलुप है, जितना कि वह पहले कभी रहा होगा, आज मनुष्य की इस अर्थ-लोलुपता ने मानव जाति को शोषक और शोषित के दो ऐसे वर्गों में बांट दिया , जो एक दूसरे को पूरी तरह निगल जाने की तैयारी कर रहे हैं । एक भोगाकांक्षा और तृष्णा की दौड़ में पागल है तो दूसरा पेट की ज्वाला को शांत करने के लिए व्यग्र और विक्षुब्ध। आज विश्व में वैज्ञानिक तकनीक और आर्थिक समृद्धि की दृष्टि से सबसे अधिक विकसित राष्ट्र यू. एस. ए. मानसिक तनावों एवं आपराधिक प्रवृत्तियों के कारण सबसे अधिक परेशान है, इस सम्बन्धी उसके आकड़े चौंकाने वाले हैं । आज मनुष्य का सबसे बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि इस तथाकथित सभ्यता के विकास के साथ उसकी आदिम युग की एक सहज, सरल, एवं स्वाभाविक जीवन-शैली भी उससे छिन गई है, आज जीवन के हर क्षेत्र मे कृत्रिमता और छद्मों का बाहुल्य है । मनुष्य आज न तो अपनी मूल प्रवृत्तियों एवं वासनाओं का शोधन या उदात्तीकरण कर पाया है और न इस तथाकथित सभ्यता के आवरण को बनाये रखने के लिए उन्हें सहज रूप में प्रकट ही कर पा रहा है । उसके भीतर उसका पशुत्व कुलाचें भर रहा है, किन्तु बाहर वह अपने को "सभ्य" दिखाना चाहता है । अन्दर वासना की उद्दाम ज्वालाएं और बाहर सच्चरित्रता और सदाशयता का छद्म जीवन, यही आज के मानस की त्रासदी है, पीड़ा है । आसक्ति, भोगलिप्सा, भय, क्रोध, स्वार्थ और कपट की दमित मूल प्रवृत्तियां और उनसे जन्य दोषों के कारण मानवता आज भी अभिशप्त है, आज वह दोहरे संघर्षों से गुजर रही है , एक आन्तरिक और दूसरे बाह्य । आन्तरिक संघर्षों के कारण आज उसका मानस तनाव-युक्त है, विक्षुब्ध है, तो बाह्य संघर्षों के कारण समाज जीवन अशान्त और अस्तव्यस्त । आज मनुष्य का जीवन मानसिक तनावों, सांवेगिक असन्तुलनों और मूल्य संघर्षों से युक्त है । वैज्ञानिक प्रगति से समाज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के पुराने मूल्य ढह चुके है और नये मूल्यों का सर्जन अभी हो नही पाया है । आज हम मूल्य-रिक्तता की स्थिति मे जी रहे है और मानवता नये मूल्यों की प्रसव-पीड़ा से गुजर रही है । आज वह एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हुई है, उसके सामने दो ही विकल्प है या तो पुनः अपने प्रकृत आदिम जीवन की ओर लौट जावे या फिर एक नये मानव का सृजन करे, किन्तु पहला विकल्प अब न तो सम्भव है और न वरेण्य । अतः आज एक ही विकल्प शेष है - एक नये आध्यात्मिक मानव का निर्माण। अन्यथा आज हम उस कगार पर खड़े है, जहां मानव जाति का सर्वनाश हमें पुकार रहा है ।

आइये देखें इस नये आध्यात्मिक मानव के सृजन में जैन धर्म के सिद्धान्त हमारा क्या मार्ग दर्शन कर सकते है ?

आध्यात्मिक जीवन-दृष्टि का निर्माण

जैन धर्म कहता है कि इस निर्णायक स्थिति में मानव को सर्वप्रथम यह तय करना है कि अध्यात्मवादी और भौतिकवादी जीवन दृष्टियों में से कौन उसे वर्तमान संकट से उबार सकती है ? भौतिकवादी दृष्टि मनुष्य की उस भोग-लिप्सा तथा तज्जनित स्वार्थ एवं शोषण की पाशविक प्रवृत्तियों का निरसन करने में सर्वथा असमर्थ है, जो कि आज सम्पूर्ण मानव जाति की त्रासदी है । क्योंकि भौतिकवादी दृष्टि में मनुष्य मूलतः पशु ही है । वह मनुष्य को एक आध्यात्मिक सत्ता (Spiritual Being) न मानकर एक विकसित सामाजिक पशु (Social animal) ही मानती है, जबकि जैन धर्म मानव को विवेक और संयम की शक्ति से युक्त मानता है । भौतिकवाद के अनुसार मनुष्य का निःश्रेयस उसकी शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक मांगों की तुष्टि मे ही है । वह मानव की भोग-लिप्सा की सन्तुष्टि को ही उसका चरम लक्ष्य घोषित कर देती है । यद्यपि वह एक आरोपित सामाजिकता के द्वारा मनुष्य की स्वार्थ एवं शोषण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की पाशविक वृत्तियों का नियमन करना अवश्य चाहता है, किन्तु इस आरोपित सामाजिकता का परिणाम मात्र इतना ही होता है कि मनुष्य प्रत्यक्ष में शान्त और सभ्य होकर भी परोक्ष में अशान्त एवं उद्दीप्त बना रहता है और उन अवसरों की खोज करता है, जब समाज की आंख बचाकर अथवा सामाजिक आदर्शों के नाम पर उसकी पाशविक वृत्तियों को छद्म रूप में खुलकर खेलने का अवसर मिले । भौतिकवाद मानव की पाशविक वृत्तियों के नियंत्रण का प्रयास तो करता है, किन्तु वह उस दृष्टि का उन्मूलन नहीं करता है, जो कि इन पाशविक वृत्तियों का मूल उद्गम है । उसका प्रयास जड़ों को सींचकर शाखाओं के काटने का प्रयास है । वह रोग के कारणों की खोज कर उन्हें समाप्त नहीं करता है अपितु मात्र रोग के लक्षणों को दबाने का प्रयास करता है । यदि जीवन की मूल दृष्टि भौतिक उपलब्धि और दैहिक वासनाओं की सन्तुष्टि हो तो स्वार्थ और शोषण का चक्र कभी भी समाप्त नहीं होगा । उसके लिए हमें जीवन के उच्च आध्यात्मिक मूल्यों को स्वीकार करना होगा । जब तक आध्यात्मिक दृष्टि के आधार सामाजिकता को विकसित नहीं किया जाता है, तब तक आरोपित सामाजिकता से मानव जीवन की स्वार्थ एवं शोषण की वृत्तियों का वास्तविक रूप में शोषण असम्भव है ।

भगवान् महावीर ने इस तथ्य को गहराई से समझा था, कि भौतिक सुख-समृद्धि मानवीय दुःखों की मुक्ति का सम्यक् मार्ग नहीं है, क्योंकि वह उस कारण का उच्छेद नहीं कर सकती, जिससे यह दुःख परम्परा की धारा प्रस्फुटित होती है । वे उत्तराध्ययन सूत्र में कहते है कि "कामाणु-गिद्धिप्पभवं खु दुक्खं जं काइयं माणसियं च किंचि" अर्थात् समस्त भौतिक एवं मानसिक दुःखों का मूल कारण कामासक्ति है (32/सी) । भौतिकवाद के पास इस कामासक्ति या ममत्व-बुद्धि को समाप्त करने का कोई उपाय नहीं है । न केवल जैन धर्म ने अपितु लगभग सभी आध्यात्मिक धर्मों ने इस बात को एकमत से स्वीकार किया है कि समस्त दुःखों का मूल कारण आसक्ति, तृष्णा या ममत्व बुद्धि है । यदि हम मानव जाति को स्वार्थ, हिंसा, शोषण, भ्रष्टाचार एवं तद्जनित दुःखों से मुक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करना चाहते हैं तो हमें भौतिकवादी दृष्टि का परित्याग कर उस आध्यात्मिक दृष्टि का विकास करना होगा जिसके अनुसार भौतिक सुख-सुविधाओं की उपलब्धि ही जीवन का अन्तिम लक्ष्य नहीं है । हमें यह मानना होगा कि दैहिक एवं आर्थिक मूल्यों से परे अन्य उच्च मूल्य भी हैं । आध्यात्मिक दृष्टि अन्य कुछ नहीं, अपितु इन उच्च मूल्यों की स्वीकृति है । जैन धर्म के अनुसार अध्यात्म काअर्थ है पदार्थ को परम मूल्य न मानकर आत्मा को परम मूल्य मानना । पदार्थवादी दृष्टि मानवीय दुःखों और सुखों का आधार "वस्तु" या बाह्य परिस्थिति को मानती है, उसके अनुसार सुख-दुःख वस्तुगत तथ्य हैं । अतः भौतिकवादी मानस सुख की लालसा में वस्तुओं के पीछे दौडता है और उनके संग्रह हेतु स्तेय, शोषण, एवं संघर्ष जैसी सामाजिक बुराईयों को जन्म देता है । इसके विपरीत जैन अध्यात्म हमें यह सिखाता है कि सुख-दुःख का मूल केन्द्र वस्तु में न होकर आत्मा में है । महावीर कहते हैं - सुख-दुःख आत्मकृत है । बाहर न कोई शत्रु है और न कोई मित्र । आत्मा ही अपना मित्र और शत्रु है । सुप्रस्थित आत्मा मित्र है और दुःप्रस्थित आत्मा शत्रु है । अतः सुख-दुःख की खोज पदार्थों में न कर आत्मा में करना है । जैन आचार्य कहते हैं कि यह ज्ञान-दर्शन स्वरूप शाश्वत आत्म तत्व ही अपना है । शेष सभी संयोगजन्य पदार्थ आत्मा से भिन्न हैं, अपने नहीं हैं । इन सांयोगिक उपलब्धियों में ममत्व बुद्धि दुःख-परम्परा का कारण है, अतः आनन्द की प्राप्ति हेतु इनके प्रति ममत्व बुद्धि का सर्वथा त्याग करो । संक्षेप में देहादि आत्मेतर पदार्थों के प्रति ममत्व बुद्धि का त्याग और भौतिक उपलब्धियों के स्थान पर आत्मोपलब्धि अर्थात् वीतराग दशा की उपलब्धि को जीवन का निःश्रेयस स्वीकार करना अध्यात्म विद्या और जैन धर्म का मूल तत्व है और यही मानव जाति के मंगल का मार्ग है । क्योंकि इसी के द्वारा आधुनिक मानस को आन्तरिक एवं बाह्य तनावों से मुक्त कर निराकुल बनाया जा सकता है ।

क्या जैनधर्म जीवन का निषेध सिखाता है :

जैन धर्म में तप-त्याग की जो महिमा गायी गई है उसके आधार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर यह भ्रान्ति फैलाई जाती है कि जैन धर्म जीवन का निषेध सिखाता है अतः यहाँ इस भ्रान्ति का निराकरण कर देना अप्रासंगिक नहीं होगा कि जैन धर्म के तप-त्याग का अर्थ शारीरिक एवं भौतिक जीवन की अस्वीकृति नहीं है । आध्यात्मिक मूल्यों की स्वीकृति का यह तात्पर्य नहीं है कि शारीरिक एवं भौतिक मूल्यों की पूर्ण तया उपेक्षा की जावे । जैन धर्म के अनुसार शारीरिक मूल्य अध्यात्म के बाधक नहीं, साधक हैं । निशीथ भाष्य में कहा गया है - कि मोक्ष का साधन ज्ञान है, ज्ञान का साधन शरीर है, शरीर का आधार आहार है । शरीर शाश्वत् आनन्द के के कूल पर ले जाने वाली नौका है । इस दृष्टि से उसका मूल्य भी है, महत्व भी है और उसकी सार-सम्भाल भी करना है । किन्तु ध्यान रहे दृष्टि नौका पर नहीं कूल पर होनी है, नौका साधन है साध्य नहीं । भौतिक एवं शारीरिक आवश्यकताओं की एक साधन के रूप में स्वीकृति जैन धर्म और सम्पूर्ण अध्यात्मपरक विद्या का हार्द है । यह वह विभाजन रेखा है जो अध्यात्म और भौतिकवाद में अन्तर स्पष्ट करती है । भौतिकवाद में भौतिक उपलब्धियाँ या जैविक मूल्य स्वयमेव साध्य हैं, अन्तिम हैं, जबकि अध्यात्म में वे किन्हीं उच्च मूल्यों का साधन है । जैन धर्म की भाषा में कहें तो साधक के द्वारा वस्तुओं का त्याग और वस्तुओं का ग्रहण, दोनों ही संयम (समत्व) की साधना के लिए है । जैन धर्म की सम्पूर्ण साधना का मूल लक्ष्य तो एक ऐसे निराकुल, निर्विकार, निष्काम और वीतराग मानस की अभिव्यक्ति है जो कि वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन के समस्त तनावों एवं संघर्षों को समाप्त कर सके । उसके सामने मूल प्रश्न दैहिक एवं भौतिक मूल्यों की स्वीकृति या अस्वीकृति नहीं है अपितु वैयक्तिक और सामाजिक जीवन में समत्व के संस्थापन का है । अतः जहाँ तक और जिस रूप में दैहिक और भौतिक उपलब्धियाँ उसमें साधक हो सकती हैं, वहाँ तक वे स्वीकार्य हैं और जहाँ तक वे उसमें बाधक हैं, वहीं तक त्याज्य हैं । भगवान् महावीर ने उत्तराध्ययन सूत्र में इस बात को बहुत ही स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया है । वे कहते हैं कि जब इन्द्रियों का अपने विषयों से सम्पर्क होता है, जब उस सम्पर्क के परिणामस्वरूप सुख-दुःख अनुभूति भी होती है और जीवन में यह अनुभूति नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है कि इन्द्रियों का अपने विषयों से सम्पर्क न हो और उसके कारण सुखद या दुःखद अनुभूति न हो, अतः त्याग इन्द्रियानुभूति का नहीं अपितु उसके प्रति चित्त में उत्पन्न होने वाले राग-द्वेष का करना है, क्योंकि इन्द्रियों के मनोज्ञ या अमनोज्ञ विषय आसक्त-चित्त के लिए ही राग-द्वेष (मानसिक विक्षोभों) का कारण बनते हैं अनासक्त या वीतराग के लिए नहीं (32/101)। अतः जैन धर्म की मूल शिक्षा ममत्व के विसर्जन की है, जीवन के निषेध की नहीं। क्योंकि उसकी दृष्टि में ममत्व या आसक्ति ही वैयक्तिक और सामाजिक जीवन की समस्त विषमताओं का मूल है।

जीवन में तनावों का कारण ममत्व

सतत् शारीरिक एवं प्राणमय जीवन के अभ्यास से चेतन बाह्य उत्तेजनाओं एवं संवेदनाओं से प्रभावित होने की प्रवृत्ति विकसित कर लेता है। अन्य पदार्थों में रस लेने की इस प्रवृत्ति से अज्ञान के कारण उनके प्रति आसक्ति उत्पन्न होती है और उसी आसक्ति या राग से तृष्णा उत्पन्न होती है। गीता कहती है सतत् सानिध्य से काम (तृष्णा) उत्पन्न होता है और उससे क्रोधादि अन्य विक्षोभ उत्पन्न होते हैं जो कि अन्त में सर्वनाश की ओर ले जाते हैं (2:62-63)। इसी तथ्य का संकेत उत्तराध्ययन सूत्र में राग-द्वेष को कर्मबीज कहकर किया गया है। (32:7-8) वस्तुतः वैयक्तिक जीवन की विषमतायें हैं - राग-द्वेष की वृत्ति, वैचारिक आग्रह और अधिकार की भावना (संग्रह वृत्ति)। यही वैयक्तिक जीवन की विषमतायें सामाजिक जीवन में वर्ग-विद्वेष (जातिवाद), सम्प्रदायवाद और शोषण वृत्ति के रूप में कार्य करती हैं। हिंसा, वाद-विवाद और संघर्ष इसी का परिणाम है। इस प्रकार राग या आसक्ति एवं तज्जनित तृष्णा ही समस्त वैयक्तिक एवं सामाजिक तथा आध्यात्मिक एवं भौतिक तनावों एवं संघर्षों का मूल कारण है। किन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि जीवन में विक्षोभों, तनावों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं संघर्षों की उपस्थिति होते हुए भी, वे हमारी चेतना के स्वाभाविक लक्षण नहीं हैं । इसीलिए जैन विचारकों ने वैयक्तिक जीवन में निराकुलता और सामाजिक जीवन में शान्ति के हेतु ममत्व के विसर्जन के द्वारा उस समत्व के प्रकटीकरण पर बल दिया है जोकि हमारा निजगुण या स्वभाव लक्षण है ।

समत्वयोग: वर्तमान संघर्षों का उपचार

समत्व हमारा निज स्वरूप है क्योंकि जहाँ भी जीवन है, चेतना है, चाहे वह कितनी ही प्रसुप्त क्यों न हो वहाँ हमें समत्व की प्राप्ति के प्रयास परिलक्षित होते हैं । चैत्त जीवन का स्वभाव बाह्य एवं आन्तरिक उत्तेजनाओं से चेतना में उत्पन्न विक्षोभ को समाप्त कर साम्यावस्था को बनाए रखना है । समत्व केन्द्र की ओर उन्मुख रहना, यह चेतना की स्वाभाविक प्रवृत्ति है । स्वभाव वह है जिसका निराकरण नहीं किया जाता है, विक्षोभों का निराकरण किया जाता है अत: वे आत्मा के स्वभाव नहीं होकर विभाव या विकार ही हैं । समत्व लाया नहीं जाता वरन् विक्षोभों के समाप्त होते स्वत: प्रकट हो जाता है । पुन: स्वभाव स्वत: और विभाव परत: होता है, "समत्व का कोई कारण नहीं बताया जा सकता लेकिन विक्षोभ सदैव ही सकारण होते हैं अत: "समत्व" ही चैत्त जीवन का स्वभाव सिद्ध होता है । जैन दर्शन में इसी स्वस्वभाव समत्व को हमारी आध्यात्मिक सत्ता का सार और जीवन का परमध्रेय माना गया है । जैनागम-व्याख्या-प्रज्ञप्ति सूत्र में कहा गया है - "आत्मा समत्व रूप है और समत्व ही आत्मा का साध्य है"। जैनाचार्य कुन्दकुन्द ने तो आत्मा को "समयसार" कहा है (समत्वं यत्य सारं तत्समयसारं) । यह "समत्व" क्या है ? यह स्पष्ट करते हुए प्रवचनसार में वे कहते हैं- आत्मा की मोह और क्षोभ से रहित अवस्था ही "समत्व है (1:17)।

जैन दर्शन की समग्र साधना का मूल सामायिक या समत्व योग है । इसमें समभाव की प्राप्ति रूप सम्यक्दर्शन तथा सम्यक्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र तीनों का समावेश है । जिन्हें हम चित्तवृत्ति का समत्व, बुद्धि का समत्व और आचरण का समत्व कह सकते हैं । व्यावहारिक दृष्टि से चित्तवृत्ति का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समत्व अनासक्ति या वीतरागता में, बुद्धि का समत्व अनाग्रह या अनेकांत में और आचरण का समत्व अहिंसा एवं अपरिग्रह में निहित है । अनासक्ति, अनेकान्त, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धान्त ही जैन दर्शन में समत्व योग की साधना के चार आधार स्तम्भ हैं । वृत्ति में अनासक्ति, विचार में अनेकान्त , वैयक्तिक जीवन में असंग्रह और सामाजिक जीवन में अहिंसा यही समत्व योग की साधना है । यही वीतराग जीवन दृष्टि है । जिसकी निष्ठा सूत्र हैं : - सभी आत्माएं समान हैं (व्याख्या प्रज्ञप्ति 7:8) और जीवन का नियम संघर्ष नहीं, वरन् परस्पर सहकार है (परस्परोपग्रहो जीवानाम्- तत्त्वार्थ) ।

वस्तुतः समत्व योग जीवन के विभिन्न पक्षों में एक ऐसा सांग संतुलन है जिसमें न केवल वैयक्तिक जीवनकेसंघर्ष समाप्त होते हैं वरन् सामाजिक जीवन-संघर्ष भी समाप्त हो जाते हैं । मनुष्य का अपने परिवेश के साथ जो संघर्ष है उसके कारण रूप में जैविक आवश्यकताओं की पूर्ति इतनी प्रमुख नहीं है जितनी कि व्यक्ति की भोगासक्ति । संघर्ष की तीव्रता, आसक्ति की तीव्रता के साथ बढ़ती जाती है । प्राकृतिक जीवन जीना न तो इतना जटिल है और न इतना संघर्ष-पूर्ण ही । व्यक्ति का आन्तरिक संघर्ष जो उसकी विविध आकांक्षाओं और वासनाओं के कारण होता है उसके पीछे भी व्यक्ति की तृष्णा या आसक्ति ही प्रमुख तथ्य है । इसी प्रकार वैचारिक जगत् का सारा संघर्ष आग्रह, पक्ष या दृष्टि के कारण है वाद, पक्ष या "दृष्टि" एक ओर सत्य को सीमित करती है दूसरी ओर "आग्रह" सत्य के अनन्त पहलुओं को आवृत करता है । भोगासक्ति स्वार्थ की संकीर्णता को जन्म देती है और आग्रहवृत्ति वैचारिक संकीर्णता को प्रसूत करती है । संकीर्णता चाहे वह हितों की हो या विचारों की, संघर्ष को जन्म देती है । समग्र सामाजिक संघर्ष के मूल में यही हितों की या विचारों की संकीर्णता काम कर रही है । समत्व-योग की साधना इन वैयक्तिक एवं सामाजिक संघर्षों के निवारण के लिए आवश्यक है । वह व्यक्ति के जीवन के विविध पक्षों में तथा सामाजिक जीवन में एक सांग सन्तुलन स्थापित करती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"समत्व" में इन्द्रियां अपना कार्य करती हैं लेकिन उनमें भोगासक्ति नहीं होती, न इन्द्रियों के विषयों की अनुभूति राग और द्वेष को जन्म देती है। चिन्तन तो होता है, लेकिन उसमें पक्ष, वाद या मतों का निर्माण नहीं होता। मन अपना कार्य तो करता है लेकिन वह चेतन के सम्मुख जिसे प्रस्तुत करता है उसे अपनी ओर से रंगीन नहीं बनाता। आत्मा विशुद्ध द्रष्टा होता है। समत्व योग की साधना व्यक्ति को राग-द्वेष के द्वन्द्व से ऊपर उठाकर निर्द्वन्द्व वीतरागता की दिशा में ले जाती है। वैयक्तिक जीवन में समत्वयोग की साधना की उपलब्धि है - निर्विकार, निर्विचार, निर्वैयक्तिक चेतना। यही प्रपंचशून्यता है, यह निर्वाण है, इसे ही ब्रह्म-भाव, ब्राह्मी-स्थिति या वीतरागावस्था कहा जाता है। यद्यपि आन्तरिक समत्व, समत्वयोग का प्रमुख तत्व है, फिर भी इस आन्तरिक समत्व के कारण उसके आचार और विचार सामाजिक जीवन को प्रभावित करते हैं। सामाजिक जीवन की संस्थापना समत्वयोग का साध्य तो है लेकिन उसकी सिद्धि वैयक्तिक समत्व पर नहीं वरन् समाज के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयत्नों पर निर्भर है। आज समत्व योग की सामूहिक साधना की आवश्यकता है। इसी सामूहिक साधना से हम संघर्ष एवं शोषण रहित एक सहिष्णु समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में जैनधर्म के तीन सिद्धान्त अनेकांत, अपरिग्रह और अहिंसा हमारा उचित मार्गदर्शन कर मानव समाज को वैचारिक, आर्थिक और सामाजिक संघर्षों से उबार सकते हैं। आगे हम इन्हीं बातों पर थोड़ा गम्भीरता से विचार करेंगे।—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आर्थिक समता का आधार अपरिग्रह का सिद्धान्त :

आधुनिक मानव समाज की एक सबसे बड़ी बुराई संग्रह और शोषण की दुष्प्रवृत्तियां हैं, जिसके कारण समाज में वर्ग-विद्वेष एवं संघर्ष पनपता है। एक ओर मानवता रोटी के टुकड़ों के अभावों की पीड़ा में सिसकती है, तो दूसरी ओर ऐशो आराम की रंग-रेलियां चलती हैं। यह आर्थिक वैषम्य सामाजिक शान्ति को भंग कर देता है।

भगवान् महावीर ने "उत्तराध्ययन सूत्र" में आर्थिक वैषम्य तथा तद्जनित सभी दुःखों का कारण तृष्णा की वृत्ति को माना। वे कहते हैं कि जिसकी तृष्णा समाप्त हो जाती है, उसके दुःख भी समाप्त हो जाते हैं। वस्तुतः तृष्णा का ही दूसरा नाम लोभ है और इसी लोभ से संग्रह वृत्ति का उदय होता है। "दशवैकालिक सूत्र" में लोभ को समस्त सद्गुणों का विनाशक माना गया है। जैन विचारधारा के अनुसार तृष्णा एक ऐसी दुष्तर खाई है जिसका कभी अन्त नहीं आता। "उत्तराध्ययन सूत्र" में इसी बात को स्पष्ट करते हुए भगवान महावीर ने कहा है कि यदि सोने और चाँदी के कैलाश के समान असंख्य पर्वत भी खड़े कर दिये जाएं तो भी यह तृष्णा शान्त नहीं हो सकती, क्योंकि धन चाहे कितना भी हो वह सीमित है और तृष्णा अनन्त(असीम) है। अतः सीमित साधनों से असीम तृष्णा की पूर्ति नहीं की जा सकती।

वस्तुतः तृष्णा के कारण संग्रहवृत्ति का उदय होता है और यह संग्रह वृत्ति आसक्ति के रूप में बदल जाती है और यही आसक्ति परिग्रह का मूल है। "दशवैकालिक सूत्र" के अनुसार आसक्ति ही वास्तविक परिग्रह है। भारतीय ऋषियों के द्वारा अनुभूत यह सत्य आज भी उतना ही यथार्थ है जितना कि उस युग में था जबकि इसका कथन किया गया होगा। न केवल जैनदर्शन में अपितु बौद्ध और वैदिक दर्शनों में भी तृष्णा को समस्त सामाजिक वैषम्य और वैयक्ति दुःखों का मूल कारण माना गया है। क्योंकि तृष्णा में संग्रहवृत्ति उत्पन्न होती है - संग्रह शोषण को जन्म देता है और शोषण से अन्याय का चक्र चलता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार हम देखते हैं कि मानव में संग्रह-वृत्ति या परिग्रह की धारणा का विकास उसकी तृष्णा के कारण ही हुआ है। मनुष्य के अन्दर रही हुई तृष्णा या आसक्ति मुख्यतः दो रूपों में प्रकट होती है - (1) संग्रह भावना और (2) भोग भावना। संग्रह-भावना और भोग-भावना से प्रेरित होकर ही मनुष्य दूसरे व्यक्तियों के अधिकार की वस्तुओं का अपहरण करता है। इस प्रकार आसक्ति का बाह्य प्रकटन निम्नलिखित तीन रूपों में होता है - (1) अपहरण (शोषण), (2) भोग, और (3) संग्रह।

संग्रहवृत्ति एवं परिग्रह के कारण उत्पन्न समस्याओं के निराकरण के उपाय

भगवान् महावीर ने संग्रहवृत्ति के कारण उत्पन्न समस्याओं के समाधानों की दिशा में विचार करते हुए यह बताया कि संग्रहवृत्ति पाप है। यदि मनुष्य आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह करता है तो वह समाज में अपवित्रता का सूत्रपात करता है। संग्रह फिर चाहे धन का हो या अन्य किसी वस्तु का, वह समाज के अन्य सदस्यों को उनके उपभोग के लाभ से वंचित कर देता है। परिग्रह या संग्रह वृत्ति एक प्रकार की सामाजिक हिंसा है। जैन आचार्यों की दृष्टि में सभी परिग्रह हिंसा से प्रत्युत्पन्न हैं। व्यक्ति संग्रह के द्वारा दूसरों के हितों का हनन करता है और इस रूप में संग्रह या परिग्रह हिंसा का ही एक रूप बन जाता है। अहिंसा के सिद्धान्त के जीवन में उतारने के लिए जैन आचार्यों ने यह आवश्यक माना कि व्यक्ति बाह्य परिग्रह का भी विसर्जन करे। परिग्रह-त्याग अनासक्त दृष्टि का बाह्य जीवन में दिया गया प्रमाण है। एक ओर विपुल संग्रह और दूसरी ओर अनासक्ति का सिद्धान्त, इन दोनों में कोई मेल नहीं हो सकता, यदि मन में अनासक्ति की भावना का उदय है तो उसका बाह्य व्यवहार में अनिवार्य रूप से प्रकटन होना चाहिए। अनासक्ति की धारणा को व्यावहारिक रूप देने के लिए गृहस्थ जीवन में परिग्रह-मर्यादा और श्रमण जीवन में संग्रह परिग्रह का आदर्श अनासक्त दृष्टि का एक जीवित प्रमाण है। यद्यपि यह सम्भव है कि अपरिग्रही होते हुए भी व्यक्ति के मन में आसक्ति का तत्व रह सकता है, लेकिन इस आधार पर यह मानना कि विपुल संग्रह को रखते हुए भी अनासक्त वृत्ति का पूरी तरह निर्वाह हो सकता है, समुचित नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान् महावीर ने आर्थिक वैषम्य भोग-वृत्ति और शोषण की समाप्ति के लिए मानव जाति को अपरिग्रह का सन्देश दिया। उन्होंने बताया कि इच्छा आकाश के समान अनन्त होती है (इच्छा हु आगास समा अणंतया) और यदि व्यक्ति अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण नहीं रखे तो वह शोषक बन जाता है। अतः भगवान् महावीर ने इच्छाओं के नियन्त्रण पर बल दिया। जैन दर्शन में जिस अपरिग्रह सिद्धान्त को प्रस्तुत किया गया है उसका एक नाम इच्छा परिमाण व्रत भी है। भगवान महावीर ने मानव की संग्रहवृत्ति को अपरिग्रह व्रत एवं इच्छा परिमाण व्रत के द्वारा नियंत्रण करने का उपदेश दिया है, साथ ही उसकी भोग वासना और शोषण की वृत्ति के नियंत्रण के लिए ब्रम्हचर्य, उपभोग-परिभाग, परिमाण व्रत तथा अस्तेय व्रत का विधान किया गया है। मनुष्य अपनी संग्रह वृत्ति को इच्छा परिमाण व्रत के द्वारा या परिग्रह परिमाण व्रत के द्वारा नियंत्रित करे। इस प्रकार अपनी भोग-वृत्ति एवं वासनाओं को उपभोग, परिभाग, परिमाण व्रत एवं ब्रम्हचर्य व्रत के द्वारा नियंत्रित करे, साथ ही समाज के शोषण से बचाने के लिए अस्तेय व्रत और अहिंसा-व्रत का विधान किया गया है।

हम देखते हैं कि महावीर ने मानव जाति को आर्थिक वैषम्य और तद्जनित परिणामों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टि प्रदान की है। मात्र इतना ही नहीं, महावीर ने उन लोगों का जिनके पास संग्रह था, दान का उपदेश दिया। अभाव पीड़ित समाज के सदस्यों के प्रति व्यक्ति के दायित्व को स्पष्ट करते हुए महावीर ने श्रावक के एक आवश्यक कर्तव्यों में दान का विधान भी किया है। यद्यपि हमें यह ध्यान रखना ही चाहिए कि जैन दर्शन और अन्य भारतीय दर्शनों में दान अभावग्रस्त पर कोई अनुग्रहनहीं है अपितु उनका अधिकार है। दान के लिए सम-विभाग शब्द का प्रयोग किया गया है। भगवान् महावीर ने स्पष्ट रूप से यह कहा है कि जो व्यक्ति समविभाग और सम वितरण नहीं करता उसकी मुक्ति सम्भव नहीं है। ऐसा व्यक्ति पापी है। समविभाग और समवितरण सामाजिक न्याय एवं आध्यात्मिक विकास के अनिवार्य अंग माने गये हैं। जब तक जीवन में सम-विभाग और सम-वितरण की वृत्ति नहीं आती है और अपने संग्रह का विसर्जन नहीं किया जाता, तब तक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आध्यात्मिक जीवन या समत्व की उपलब्धि भी सम्भव नहीं होती।

अहिंसा-समतामूलक समाज का आधार :

आधुनिक मानस भयाक्रान्त है। आज विश्व का प्रत्येक राष्ट्र अपने को असुरक्षित अनुभव कर रहा है और सुरक्षा के नाम पर खरबों रूपये व्यय कर रहा है। विश्व के सभी राष्ट्रों के सम्पूर्ण बजट का आधा से अधिक भाग सुरक्षा के नाम पर व्यय हो यह क्या मानव जाति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है? सुरक्षा के नाम पर मानव जाति के महा-विनाश को खुला आमंत्रण देना यही क्या मानव जाति की नीति है? आज के मानस में अभयकर विकास आवश्यक है अन्यथा हमारा अस्तित्व खतरे में है। स्वार्थवृत्ति, अधिकार, लिप्सा, असहिष्णुता, सत्ता लोलुपता आदि सभी अनैतिक प्रवृत्तियां हिंसा के विविध रूप हैं। मात्र इतना ही नहीं सम्प्रदायवाद, जातिवाद, वर्ग-द्वेष आदि वे सभी प्रवृत्तियां भी जो मनुष्य-मनुष्य के बीच भेद की दीवारे खड़ी कर उन्हें एक दूसरे के विरुद्ध संघर्ष के लिए तैयार करती है, हिंसा की ही विविध अभिव्यक्तियां हैं। हमारा दुर्भाग्य तो यह है कि हम अहिंसा की बात करते हैं किन्तु हिंसा में जीते हैं। एक जमाना था जब मनुष्य अपनी हिंसक वृत्तियों का प्रदर्शन धर्म के नाम पर करता था, वह अपने संघर्षों को धर्म युद्ध की संज्ञा देता था, आज भी हम विश्व शान्ति के लिए युद्ध करते हैं, यह सब आत्मप्रवंचना है, धर्म का युद्ध से अथवा शान्ति का संघर्ष से कोई तालमेल नहीं है। शान्ति और धर्म हिंसा से नहीं, अहिंसा से ही प्रतिफलित हो सकते हैं। भगवान् बुद्ध ने कहा कि वैर से वैर शान्त नहीं होता है। हिंसा से हिंसा ही प्रतिफलित होगी, अहिंसा नहीं। वस्तुतः हिंसा के मूल में घृणा, भय, आक्रोश, स्वार्थ एवं भोगलिप्सा की प्रवृत्तियां ही काम करती हैं और जब तक इन पर विजय प्राप्त नहीं की जाती है, अहिंसा का जीवन में प्रकटन सम्भव नहीं है। इनके विपरित अहिंसा के आधार हैं प्रेम, आत्मीयता, त्याग, समता, करूणा। उसकी विशिष्टता का वर्णन करते हुए महावीर कहते है, भयभीतों को जैसे शरण, पक्षियों को जैसे गगन, तृषितों को जैसे जल, भूखों को जैसे भोजन, समुद्र के मध्य जैसे जहाज, रोगियों को जैसे औषध, और वन में जैसे सार्थवाह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का साथ आधारभूत है, वैसे ही अहिंसा प्राणियों के लिए आधारभूत है। अहिंसा चर एवं अचर सभी प्राणियों का कल्याण करने वाली है। वही मात्र एक ऐसा शाश्वत धर्म है जिसका सभी तीर्थंकर उपदेश करते हैं। आचारांग सूत्र में कहा गया है – भूत भविष्य और वर्तमान के सभी अर्हत् यही उपदेश करते हैं कि सभी प्राण, सभी भूत, सभी जीवन और सभी सत्व को किसी प्रकार का परिताप, उद्वेग या दुःख नहीं देना चाहिए, न किसी का हनन करना चाहिए। यही शुद्ध, नित्य और शाश्वत धर्म है (1/4/2)। जिसका समस्त लोक की(खेद)पीड़ा को जानकर अर्हतों के द्वारा प्रतिपादन किया गया है। वस्तुतः प्राणियों के जीवित रहने का नैतिक अधिकार ही अहिंसा के कर्तव्य की स्थापना करता है। जीवन के अधिकार का सम्मान ही अहिंसा है। उत्तराध्ययन सूत्र में समत्व के आधार पर अहिंसा के सिद्धान्त स्थापना करते हुए कहा गया है – भय और वैर से मुक्त साधक जीवन के प्रति प्रेम रखने वाले प्राणियों का सर्वत्र अपनी आत्मा के समान जानकर उनकी कभी भी हिंसा न करे (6/7)। यह मेकेन्जी की भय पर अधिष्ठित अहिंसा की धारणा का सटीक उत्तर है। प्राचीनतम जैन आगम आचारांग सूत्र में तो आत्मीयता की भावना के आधार पर ही अहिंसा-सिद्धान्त की प्रस्तावना की गई है। उसमें कहा गया है कि जो लोक (अन्य जीव समूह) का अपलाप करता है वह स्वयं अपनी आत्मा का भी अपलाप करता (1/1/3) है। इसी ग्रन्थ में आगे आत्मीयता की भावना को परिपुष्ट करते हुए महावीर कहते हैं – जिसे तू मारना चाहता, वह तू ही है जिसे तू शासित करना चाहता है वह तू ही है, जिसे तू परिताप देना चाहता है, वह तू ही है (1/5/5)।

जैन धर्म में अहिंसा की यह भावना कितनी आवश्यक है यह बताने के लिए प्रश्नव्याकरण सूत्र में उसके साठ पर्यायवाची नाम दिये हैं, जिसमें कुछ नाम हैं – शान्ति, समाधि, प्रेम, वैराग्य, दया, समृद्धि कल्याण, मंगल, प्रमोद, रक्षा, आस्था, अभय आदि। इससे हमें उसकी व्यापकता का पता लग सकता है। हिंसा का छोड़ना यही मात्र अहिंसा नहीं है। निषेधात्मक अहिंसा जीवन के सभी पक्षों का स्पर्श नहीं करती, वह आध्यात्मिक उपलब्धि कही जा सकती है। निषेधात्मक अहिंसा मात्र बाह्य बनकर रह जाती है, आध्यात्मिकता तो आन्तरिक होती है। हिंसा नहीं करना, यह अहिंसा का शरीर हो सकता है, अहिंसा की आत्मा नहीं। किसी को नहीं मारना यह अहिंसा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के सम्बन्ध में मात्र स्थूल दृष्टि है। लेकिन यह मानना भ्रान्तिपूर्ण होगा कि जैन विचारणा अहिंसा की इस स्थूल एवं बहिर्मुख दृष्टि तक सीमित रही। जैन दर्शन का केन्द्रीय तत्व अहिंसा शाब्दिक रूप में यद्यपि नकारात्मक है लेकिन उसकी अनुमति नकारात्मक नहीं है। उसकी अनुमति सदैव ही विधायक रही है। सर्वत्र आत्मवत् दृष्टि करुणा और मैत्री की विधायक अनुभूतियों से अहिंसा की धारा प्रवाहित हुई है।

जैन धर्म में अहिंसा का आधार समता है और जहां समता हो, वहां किसी भी धर्म जाति आदि के प्रति राग-द्वेष, कलह, संघर्ष आदि का प्रादुर्भाव कैसे हो सकता है वहां सभी धर्म सम्प्रदायों के प्रति समता की ही वृत्ति होती है। किन्तु इस समता के भाव का जो अभ्यास व्यक्तिजीवन के सामाजिक पक्ष में, दैनिक व्यवहार में, व्यवसाय में, नौकरी पेशे में होना चाहिए था, वह अभी नहीं हो पाया है। अहिंसा का हमने खूब गुणगान तो किया। परन्तु वह अहिंसा मानवों के पारस्परिक व्यवहार में दया, क्षमा, सेवा, प्रेम, अशोषणवृत्ति आदि के रूप में प्रकट न हो पाई है, वह केवल मानवेतर प्राणियों की रक्षा करने तक सीमित हो गई है। मानवों के पारस्परिक व्यवहार में, लेन-देन में, सामाजिक मसलों में, धर्म सम्प्रदायों के आपसी व्यवहार में हमने उस अहिंसा सिद्धान्त को प्रायः ताक में रख दिया है। किन्तु आज दुनिया में हिंसा और अहिंसा का जो मुकाबला है हिंसक शक्तियां भी अहिंसा का नकाब पहन कर सामने आती हैं। वे खुलकर प्रकट होने से डरती हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि अब दुनिया भर के लोगों की श्रद्धा हिंसा पर से मिट गई है और आज का जन-मानस अहिंसा पर दृढ़ आस्था के साथ जीना चाहता है। यह शुभ लक्षण है। आज हमें वैयक्तिक स्तर पर ही नहीं सामाजिक स्तर पर अहिंसा की साधना के द्वारा एक समता मूलक समाज की रचना करनी होगी, तभी हम विश्व में अभय निष्ठा जाग्रत कर मानवता को भय से मुक्त कर सकेंगे।

यदि हम स्वस्थ समाज की रचना करना चाहते हैं तो वह समाज अहिंसा की आधार-भूमि पर ही खड़ा हो सकता है। समाज-जीवन के लिये दो तत्व आवश्यक हैं पारस्परिक विश्वास और अपने क्षुद्र स्वार्थों को दूसरे के लिये त्याग। अविश्वास के मूल में होता है भय और संघर्ष के मूल में होता है स्वार्थ। इनके कारण समाज टूटता है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जबकि समर्पण और अभय उसे जोड़ते हैं। समर्पण का भाव आता है अनासक्ति से या निर्ममत्व से और अभय आता है अहिंसा में पूर्ण निष्ठा से।

वैचारिक सहिष्णुता का आधार – अनेकान्त दृष्टि :

वर्तमान युग में वैचारिक संघर्ष अपनी चरम सीमा पर है। सिद्धान्तों के नाम पर मनुष्य "मनुष्य के बीच भेद की दीवारें खींची जा रही हैं। कहीं धर्म के नाम पर तो कहीं राजनैतिकवाद के नाम पर एक दूसरे के विरुद्ध विषवमन किया जा रहा है। धार्मिक एवं राजनैतिक साम्प्रदायिकता जनता के मानस को उन्मादी बना रहा है। प्रत्येक धर्मवाद या राजनैतिकवाद अपनी सत्यता का दावा कर रहा है और दूसरे को भ्रान्त बता रहा है। इस धार्मिक एवं राजनैतिक उन्माद एवं असहिष्णुता के कारण मानव मानव के रक्त का प्यासा बना हुआ है। आज प्रत्येक राष्ट्र का एवं विश्व का वातावरण तनावपूर्ण एवं विक्षुब्ध है। एक ओर प्रत्येक राष्ट्र की राजनैतिक पार्टियां या धार्मिक सम्प्रदाय उसके आन्तरिक वातावरण को विक्षुब्ध एवं जनता के पारस्परिक सम्बन्धों को तनावपूर्ण बनाये हुए हैं तो दूसरी ओर राष्ट्र अपनी ने किसी निष्ठा से गुट से सम्बन्ध बना रहे हैं। और इस प्रकार विश्व के वातावरण को तनावपूर्ण एवं विक्षुब्ध बना रहे हैं। मात्र इतना ही नहीं यह वैचारिक असहिष्णुता, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन को विषाक्त बना रही है। पुरानी और नई पीढ़ी के वैचारिक विरोध के कारण आज समाज और परिवार का वातावरण भी अशान्त और कलहपूर्ण हो रहा है। वैचारिक आग्रह और मतान्धता के इस युग में एक ऐसे दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो लोगों को आग्रह और मतान्धता से ऊपर उठने के लिए दिशा-निर्देश दे सके। भगवान् बुद्ध और भगवान् महावीर दो ऐसे महापुरूष हैं जिन्होंने इस वैचारिक असहिष्णुता की विध्वंसकारी शक्ति को समझा था और उससे बचने का निर्देश दिया था। भगवान् बुद्ध ने इस आग्रह एवं मतान्धता से ऊपर उठने के लिए विवाद पराङ्मुखता को अपनाया। सुत्त-निपात में वे कहते हैं कि मैं विवाद के दो फल बताता हूं। एक तो वह अपूर्ण व एकांगी होता है और दूसरे कलह एवं अशान्ति का कारण होता है। अतः निर्वाण को निर्विवाद भूमि समझने वाला साधक विवाद में न पड़े। उनके अनुसार अनासक्त पुरूष के पास विवाद रूपी युद्ध के लिए कोई कारण ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शेष नहीं रह जाता। इसी प्रकार भगवान् महावीर ने भी आग्रह को साधना का सम्यक् पथ नहीं बताया। वे कहते हैं कि आग्रह, मतान्धता या एकांगी दृष्टि उचित नहीं है। जो व्यक्ति अपने मत की प्रशंसा और दूसरों की निन्दा करने में ही पांडित्य दिखाते हैं, वे संसार चक्र में घूमते रहते हैं। इस प्रकार भगवान् महावीर आग्रह वृत्ति एवं मतान्धता से जन-मानस को मुक्त करना चाहते हैं। जहां बुद्ध इन विवादों से बचने की सलाह दे रहे हैं, वहीं महावीर अनेकान्त दृष्टि के आधार पर इनके समन्वय की एक विधायक दृष्टि प्रस्तुत कर रहे हैं।

महावीर का अनेकान्त सिद्धान्त विविध दार्शनिक एकान्तवादों में समन्वय करने का प्रयास करता है। उसकी दृष्टि में नित्यवाद - अनित्यवाद, द्वैतवाद, अद्वैतवाद, भेदवाद-अभेदवाद, आदि सभी वस्तु-स्वरूप के आंशिक पक्षों को स्पष्ट करते हैं। इनमें से कोई भी असत्य तो नहीं है किन्तु पूर्ण सत्य भी नहीं है। यदि इनको कोई असत्य बताता है तो वह आंशिक सत्य को पूर्ण सत्य मान लेने का उसका आग्रह ही है। अनेकान्त अपेक्षा भेद से इन सभी के बीच समन्वय करने का प्रयास करता है और यह बताता है कि सत्य तभी असत्य बन जाता है, जबकि हम आग्रही दृष्टि से उसे देखते हैं। यदि हम अपने को आग्रह के घेरे से ऊपर उठाकर देखें तो ही हमें सत्य के दर्शन हो सकते हैं। सत्य का सच्चा प्रकाश केवल अनाग्रही को ही मिल सकता है। महावीर के प्रथम शिष्य गौतम का जीवन स्वयं इसका एक प्रत्यक्ष साक्ष्य है। गौतम के केवलज्ञान में आखिर कौन सा तत्व बाधक बन रहा था। महावीर ने स्वयं इसका समाधान करते हुए गौतम से कहा था - हे गौतम, तेरा मेरे प्रति जो ममत्व है, यही तेरे केवलज्ञान (सत्यदर्शन) का बाधक है। महावीर की स्पष्ट घोषणा थी कि सत्य का सम्पूर्ण दर्शन आग्रह के घेरे में रहकर नहीं किया जा सकता। आग्रह बुद्धि या दृष्टि राग सत्य को असत्य बना देता है। महावीर की दृष्टि में सत्य का प्रकटन, आग्रह में नहीं, अनाग्रह में होता है, विरोध में नहीं समन्वय में होता है। सत्य का साधक अनाग्रही और वीतराग होता है। महावीर एक अनाग्रही एवं समन्वयात्मक दृष्टि प्रस्तुत करते हैं ताकि वैचारिक असहिष्णुता को समाप्त किया जा सके।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनेकान्त धार्मिक सहिष्णुता के क्षेत्र में

सभी धर्म-साधना पद्धतियों का मुख्य लक्ष्य राग, आसक्ति, अहं एवं तृष्णा की समाप्ति रहा है। जैन धर्म की साधना का लक्ष्य वीतरागता है, तो बौद्ध धर्म का साधनालक्ष्य वीततृष्ण होना माना गया है। वहीं वेदान्त में अहं और आसक्ति से ऊपर उठना ही मानव का साध्य बताया गया है। लेकिन क्या एकान्त या आग्रह वैचारिक राग, वैचारिक आसक्ति, वैचारिक तृष्णा अथवा वैचारिक अहं के ही रूप नहीं हैं ? और जब तक वह उपस्थित है धार्मिक साधना के क्षेत्र में लक्ष्य की सिद्धि कैसे होगी पुनः जिन साधना पद्धतियों में अहिंसा के आदर्श को स्वीकार किया गया उनके लिए आग्रह या एकान्त वैचारिक हिंसा का प्रतीक भी बन जाता है। एक ओर साधना के वैयक्तिक पहलू की दृष्टि से मताग्रह वैचारिक आसक्ति या राग का ही रूप है तो दूसरी ओर साधना के सामाजिक पहलू की दृष्टि से वह वैचारिक हिंसा है। वैचारिक आसक्ति और वैचारिक हिंसा से मुक्ति के लिए धार्मिक क्षेत्र में अनाग्रह और अनेकान्त की साधना अपेक्षित है। वस्तुतः धर्म का आविर्भाव मानव जाति में शान्ति और सहयोग के विस्तार के लिए हुआ था। धर्म मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने के लिए था लेकिन आज वही धर्म मनुष्य मनुष्य में विभेद की दीवारें खींच रहा है। धार्मिक मतान्धता में हिंसा, संघर्ष, छल, छद्म, अन्याय, अत्याचार क्या नहीं हो रहा है ? क्या वस्तुतः इसका कारण धर्म हो सकता है ? इसका उत्तर निश्चित रूप से "हाँ" में नहीं दिया जा सकता। यथार्थ में "धर्म" नहीं किन्तु धर्म का आवरण डाल कर मानव की महत्वाकांक्षा, उसका अहंकार ही यह सब करवाता रहा है। यह धर्म का नकाब डाले अधर्म है।

मूल प्रश्न यह है कि क्या धर्म अनेक हैं या हो सकते हैं ? इस प्रश्न का उत्तर अनेकान्तिक शैली से यह होगा कि धर्म एक भी है और अनेक भी, साध्यात्मक धर्म या धर्मों का साध्य एक है जबकि साधनात्मक धर्म अनेक हैं। साध्य रूप में धर्मों की एकता और साधन रूप से अनेकता को ही यथार्थ दृष्टिकोण कहा जा सकता है। सभी धर्मों का साध्य है, समत्व लाभ (समाधि) अर्थात आंतरिक तथा बाह्य शान्ति की स्थापना तथा उसके लिए विक्षोभ के जनक राग-द्वेष और अस्मिता (अहंकार) का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निराकरण के उपाय क्या हों ? यहीं विचार भेद प्रारम्भ होता है लेकिन यह विचार भेद विरोध का आधार नहीं बन सकता। एक ही साध्य की ओर उन्मुख होने से परस्पर विरोधी नहीं कहे जा सकते। एक ही केन्द्र से योजित होने वाली परिधि से खिंची हुई विभिन्न रेखाओं में पारस्परिक विरोध प्रतीत अवश्य होता है किन्तु वह यथार्थ में होता नहीं है। क्योंकि केन्द्र से संयुक्त प्रत्येक रेखा में एक दूसरे को काटने की क्षमता नहीं होती है किन्तु जैसे ही वह केन्द्र का परित्याग करती है, वह दूसरी रेखाओं को अवश्य ही काटती है। साध्य रूपी एकता में ही साधन रूपी धर्मों की अनेकता स्थित है। अतः यदि धर्मों का साध्य एक है तो उनमें विरोध कैसा ? अनेकांत, धर्मों की साध्य परक मूलभूत एकता और साधन परक अनेकता को इंगित करता है।

विश्व के विभिन्न धर्माचार्यों ने अपने युगकी तात्कालिक परिस्थितियों से प्रभावित होकर अपने सिद्धान्तों एवं साधना के बाह्य नियमों का प्रतिपादन किया। देश काल-गत परिस्थितियों और साधक की साधना की क्षमता की विभिन्नता के कारण धर्म साधना के बाह्य रूपों में भिन्नताओं का आ जाना स्वाभाविक ही था और ऐसा हुआ भी। किन्तु मनुष्य की अपने धर्माचार्य के प्रति ममता (रागात्मकता) और उसके अपने मन में व्याप्त आग्रह और अहंकार ने उसे अपने धर्म या साधना पद्धति को ही एकमात्र एवं अन्तिम सत्य मानने को बाध्य किया। फलस्वरूप विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों और उनके बीच साम्प्रदायिक वैमनस्य का प्रारम्भ हुआ। मुनिश्री नेमीचन्द्रजी ने धर्म सम्प्रदायों के उद्भव की एक सजीव व्याख्या प्रस्तुत की है। वे लिखते हैं - "मनुष्य-स्वभाव बड़ा विचित्र है। उसके अहं को जरा सी चोट लगते ही वह अपना अखाड़ा अलग बनाने को तैयार हो जाता है। यद्यपि वैयक्तिक अहं एवं सम्प्रदायों के निर्माण का एक कारण अवश्य है लेकिन वही एकमात्र कारण नहीं है। बौद्धिक भिन्नता और देशकाल-गत तथ्य भी इसके कारण रहे हैं और इसके अतिरिक्त पूर्व प्रचलित परम्पराओं में आई हुई विकृतियों के संशोधन के लिए भी सम्प्रदाय बने।" उनके अनुसार सम्प्रदाय बनने के निम्न कारण हो सकते हैं :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) ईर्ष्या के कारण, (2) किसी व्यक्ति की प्रसिद्धि की लिप्सा के कारण, (3) किसी वैचारिक मतभेद (मताग्रह) के कारण, (4) किसी आचार सम्बन्धी नियमोपनियम में भेद के कारण, (5) किसी व्यक्ति या पूर्व सम्प्रदाय के द्वारा अपमान या खींचातान होने के कारण, (6) किसी विशेष सत्य को प्राप्त करने की दृष्टि से एवं (7) किसी साम्प्रदायिक परम्परा या क्रिया में द्रव्य, क्षेत्र एवं काल के अनुसार संशोधन या परिवर्तन करने की दृष्टि से। उपरोक्त कारणों में अन्तिम दो को छोड़कर शेष सभी कारणों से उत्पन्न सम्प्रदाय, आग्रह, आर्थिक असहिष्णुता और साम्प्रदायिक कटुता को जन्म देते हैं।

विश्व इतिहास का अध्येता इसे भलीभांति मानता है कि धार्मिक असहिष्णुता ने विश्व में जघन्य दुष्कृत्य कराये हैं। आश्चर्य तो यह है कि इस दमन, अत्याचार, नृशंसता और रक्त-प्लावन को धर्म का बाना पहनाया गया। शान्ति प्रदाता धर्म ही अशान्ति का कारण बना। आज के वैज्ञानिक युग में धार्मिक अनास्था का मुख्य कारण उपरोक्त भी है। यद्यपि विभिन्न मतों, पंथों और वादों में वाह्य भिन्नता परिलक्षित होती है किन्तु यदि हमारी दृष्टि व्यापक और अनाग्रही हो तो इसमें भी एकता और समन्वय के सूत्र परिलक्षित हो सकते हैं।

अनेकान्त विचार-दृष्टि विभिन्न धर्म सम्प्रदायों की समाप्ति के द्वारा एकता का प्रयास नहीं करती है, क्योंकि वैयक्तिकरूचि भेद एवं क्षमता भेद तथा देशकाल-गत भिन्नताओं के होते हुए विभिन्न धर्म एवं विचार सम्प्रदायों की उपस्थिति अपरिहार्य है। एक धर्म या एक सम्प्रदाय का नारा असंगत एवं अव्यावहारिक ही नहीं, अपितु अशान्ति और संघर्ष का कारण भी है। अनेकान्त, विभिन्न धर्म सम्प्रदायों की समाप्ति का प्रयास नहीं होकर उन्हें एक व्यापक पूर्णता में सुसंगत रूप से संयोजित करने का प्रयास हो सकता है। लेकिन इसके लिए प्राथमिक आवश्यकता है, धार्मिक सहिष्णुता और सर्व-धर्म-समभाव की।

अनेकान्त के समर्थक जैनाचार्यों ने इसी धार्मिक सहिष्णुता का परिचय दिया है। आचार्य हरिभद्र की धार्मिक सहिष्णुता तो सर्व विदित ही है। अपने ग्रन्थ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शास्त्रवार्ता समुच्चय में उन्होंने बुद्ध के अनात्मवाद और न्याय-दर्शन के ईश्वर कर्तृत्ववाद, वेदान्त के सर्वात्मवाद (ब्रम्हवाद) में भी संगति दिखाने का प्रयास किया। उन्हीं के ग्रन्थ षड्दर्शन समुच्चय की टीका में आचार्य मणिभद्र लिखते हैं :

पक्षपातो न मे वीरे न द्वेषः कपिलादिषु।
युक्तिमद्वचनं यस्य, तस्य कार्यः परिग्रहः।।

मुझे न तो महावीर के प्रति पक्षपात है और न कपिलादि मुनिगणों के प्रति द्वेष है। जो भी वचन तर्कसंगत हो उसे ग्रहण करना चाहिए।

इसी प्रकार आचार्य हेमचन्द्र ने शिव-प्रतिमा को प्रणाम करते समय सर्व देव समभाव का परिचय देते हुए कहा था –

भवबीजांकुर जनना, रागाद्या क्षयमुपागता यस्य।
ब्रम्हा वा विष्णुर्वा हरो, जिनो वा नमस्तस्मै।।

संसार परिभ्रमण के कारण रागादि जिसके क्षय हो चुके हैं, उसे मैं प्रणाम करता हूं चाहे वह ब्रम्हा हो, विष्णु हो, शिव हो या जिन हो।

उपाध्याय यशोविजय जी लिखते हैं –

"सच्चा अनेकान्तवादी किसी दर्शन से द्वेष नहीं करता। वह सम्पूर्ण दृष्टिकोण (दर्शनों) को इस प्रकार वात्सल्य दृष्टि से देखता है जैसे-कोई पिता अपने पुत्रों को। क्योंकि अनेकान्तवादी की न्यूनाधिक बुद्धि नहीं हो सकती। वास्तव में सच्चा शास्त्रज्ञ कहे जाने का अधिकारी वही है, जो स्याद्वाद का आलम्बन लेकर सम्पूर्ण दर्शनों में समान भाव रखता है। माध्यस्थ भाव ही शास्त्रों का गूढ़ ह रहस्य है, यही धर्मवाद है। माध्यस्थ भाव रहने पर शास्त्र के एक पद का ज्ञान भी सफल है, अन्यथा करोड़ों शास्त्रों का ज्ञान भी वृथा है।" एक सच्चा जैन सभी धर्मों एवं दर्शनों के प्रति सहिष्णु होता है। वह सभी में सत्य का दर्शन करता है। परमयोगी जैन सन्त आनन्दघनजी लिखते हैं :

षट दरसण जिन अंग भणीजे, न्याय षडंग जो साधे रे।
नमि जिनवरना चरणउपासक, षटदर्शन आराधे रे।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजनीतिक सहिष्णुता के हेतु जैनधर्म की अनेकान्त दृष्टि का उपयोग :

आज का राजनैतिक जगत् भी वैचारिक संकुलता से परिपूर्ण है। पूंजीवाद, समाजवाद, साम्यवाद, फासिस्टवाद, नाजीवाद, आदि अनेक राजनैतिक विचार-धाराएं तथा राजतन्त्र, प्रजातन्त्र, कुलतन्त्र, अधिनायकतन्त्र आदि अनेकानेक शासन प्रणालियां वर्तमान में प्रचलित हैं। मात्र इतना ही नहीं उनमें से प्रत्येक एक दूसरे की समाप्ति के लिए प्रयत्नशील है। विश्व के राष्ट्र खेमों में बटे हुए हैं और प्रत्येक खेमे का अगुणी राष्ट्र अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने के हेतु दूसरे के विनाश में तत्पर है। मुख्य बात यह है कि आज का राजनैतिक संघर्ष स्वयं आर्थिक हितों का संघर्ष न होकर वैचारिकता का संघर्ष है। एक दूसरे को नाम शेष करने की उनकी यह महत्वाकांक्षा कहीं मानव जाति को ही नाम-शेष न कर दे।

आज के राजनैतिक जीवन में अनेकान्त के दो व्यावहारिक फलित वैचारिक सहिष्णुता और समन्वय अत्यन्त उपादेय हैं। मानव जाति ने राजनैतिक जगत् में राजतन्त्र से प्रजातन्त्र तक की जो लम्बी यात्रा तय की है, उसकी सार्थकता अनेकान्त दृष्टि को अपनाने में ही है। विरोधी पक्ष के द्वारा की जाने वाली आलोचना के प्रति सहिष्णु होकर उसके द्वारा अपने दोषों को समझना और उन्हें दूर करने का प्रयास करना, आज के राजनैतिक जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विपक्ष की धारणाओं में भी सत्यता हो सकती है और सबल विरोधी दल की उपस्थिति से हमें अपने दोषों के निराकरण का अच्छा अवसर मिलता है। इस विचार-दृष्टि और सहिष्णु भावना में ही प्रजातन्त्र का भविष्य उज्जवल रह सकता है। राजनैतिक क्षेत्र में संसदीय प्रजातन्त्र (पार्लियामेन्टरी डेमोक्रेसी) वस्तुतः राजनैतिक अनेकान्तवाद है। इस परम्परा में बहुमत दल द्वारा गठित सरकार अल्प मत दल को अपने विचार प्रस्तुत करने का अधिकार मान्य करती है और यथा सम्भव उससे लाभ भी उठाती है। दार्शनिक क्षेत्र में जहां भारत अनेकान्तवाद का सर्जक है, वहीं, वह राजनैतिक क्षेत्र में संसदीय प्रजातन्त्र का समर्थक भी है। अतः आज अनेकान्त का व्यावहारिक क्षेत्र में उपयोग करने का दायित्व भारतीय राजनीतिज्ञों पर है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पारिवारिक जीवन में जैनधर्म की अनेकान्त दृष्टि का उपयोग :

कौटुम्बिक क्षेत्र में इस पद्धति का उपयोग परस्पर कुटुम्बों में और कुटुम्ब के सदस्यों में संघर्ष को टालकर शान्तिपूर्ण वातावरण का निर्माण करेगा। सामान्यतया पारिवारिक जीवन में संघर्ष के दो केन्द्र होते हैं - पिता-पुत्र तथा सास-बहू। इन दोनों में मूल कारण दोनों का दृष्टि-भेद है। पिता जिस परिवेश में बड़ा हुआ उन्हीं संस्कारों के आधार पर पुत्र का जीवन ढालना चाहता है। जिस मान्यता को स्वयं मानकर बैठा है, उन्हीं मान्यताओं को दूसरे से मनवाना चाहता है। पिता की दृष्टिअनुभव प्रधान होती है जबकि पुत्र की दृष्टि तर्कप्रधान। एक प्राचीन संस्कारों से ग्रस्त होता है, तो दूसरा उन्हें समाप्त कर देना चाहता है। यही स्थिति सास-बहू में होती है। सास यह अपेक्षा करती है कि बहू ऐसा जीवन जिये जैसा उसने स्वयं बहू के रूप में जिया था जबकि बहू अपने युग के अनुरूप और अपने मातृ पक्ष के संस्कारों से प्रभावित जीवन जीना चाहती है। मात्र इतना ही नहीं, उसकी अपेक्षा यह भी होती है कि वह उतना ही स्वतंत्र जीवन जीये जैसा वह अपने माता-पिता के पास जीती थी। इसके विपरीत श्वसुर पक्ष उससे एक अनुशासित जीवन की अपेक्षा करता है। यही सब विवाद के कारण बनते हैं। इसमें जब तक सहिष्णु दृष्टि और दूसरे की स्थिति को समझने का प्रयास नहीं हो सकता। वस्तुतः इसके मूल में जो दृष्टि-भेद है उसे अनेकान्त पद्धति से सम्यक् प्रकार जाना जा सकता है।

वास्तविकता यह है कि हम जब दूसरे के सम्बन्ध में कोई विचार करें, कोई निर्णय लें तो हमें स्वयं अपने को उस स्थिति में खड़ा कर सोचना चाहिए। दूसरे की भूमिका में स्वयं को खड़ा करके ही उसे सम्यक् प्रकार से जाना जा सकता है। पिता पुत्र से जिस बात की अपेक्षा करता है, उसके पहले अपने को पुत्र की भूमिका में खड़ा कर विचार कर लें। अधिकारी कर्मचारी से जिस ढंग से काम लेना चाहता है उसके पहले स्वयं को उस स्थिति में खड़ा कर, फिर निर्णय ले। यही एक दृष्टि है जिसके द्वारा एक सहिष्णु मानस का निर्माण किया जा सकता है और मानव जाति को वैचारिक संघर्षों से बचाया जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार जैनधर्म के अपरिग्रह, अहिंसा और अनेकांत के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक हैं। अन्त में मैं अपने व्याख्यान का समापन आचार्य अमितगति के इस श्लोक से करना चाहूंगा – जिसमें उन्होंने गुणी प्राणियों के प्रति मैत्री भाव, गुणीजनों के प्रति आदर भाव, पीड़ितों के प्रति करुणा भाव एवं विरोधियों के प्रति तटस्थ भाव (निर्विकार भाव) की कामना की है –

सत्वेषु मैत्रीं गुणीषु प्रमोदं क्लिष्टेषु जीवेषु कृपापरत्वं ।
माध्यस्थ भावं विपरीतवृत्तौ सदा ममात्मा विदधातु देव।।

..... डॉ० सागर मल जैन
पार्श्वनाथ विद्यापीठ
आई० टी० आई० रोड
पो० आ० - बी० एच० यू०
वाराणसी
221005

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कैलाश जितने ऊँचे सोने और चांदी के असंख्य पर्वत भी मनुष्य की आकाश जितनी इच्छाओं को पूर्ण नहीं कर सकते।

-भगवान महावीर

मनुष्य की शक्ति और धन की ईच्छा दूसरों के लिए वेदना का कारण बनती है।

-भगवान बुद्ध

संसार के सभी लोग अन्त में छूटने वाले हैं, ऐसा समझकर, जो बुद्धिमान व्यक्ति सब विषयों से निवृत हो जाता है उसे दुःख का अणुमात्र भी अनुभव नहीं होता। विषयों को छोड़ देना ही सुख प्राप्ति का मार्ग है।

-महात्मा विदुर

हिंसा को तब तक नहीं मिटाया जा सकता जब तक परिग्रह के प्रति हमारी आसक्ति समाप्त नहीं होती। परिग्रह का सीमाकरण होने पर हिंसा की समस्या स्वतः समाहित हो जाएगी।

-आचार्य तुलसी

हिंसा का मूल स्रोत है पदार्थ के प्रति मूच्छा। पदार्थ की आसक्ति जितनी गहरी होगी हिंसा उतनी ही सघन होती चली जायेगी।

-युवाचार्य महाप्रज्ञ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



परस्परोपग्रहो जीवानाम्

A Tribut Gobind Charity Trust 5, Lower Rawdon Street, Calcutta-700020

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org